www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–275 । सागर, रविवार, 26 नवम्बर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

पाकिस्तानियों की पहली पसंद था यहां का पान, अब गिन रहा आखिरी सांसें पृष्ठ 3
▪ दुःख का अधिकार
▪ नानक नाम चढ़दी कलां-तेरे भाणे सरबत दा भला पृष्ठ 4
▪ कहीं गड्ढों पर सड़कें, तो कहीं सड़कों पर गड्ढे, संभलकर चलना बड्ढे पृष्ठ 6
डॉ. गौर द्वारा किये गए पुनीत कार्यों और उनके विचारों को अमल में लायें : कुलपति पृष्ठ 8

### शॉर्ट-सर्किट से रुई में भड़की चिंगारी

# घर में लगी आग से दंपत्ति समेत 3 जिंदा जले, 2 गंभीर



**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी में एक घर में भीषण आग लग गई। इसमें परिवार के तीन लोग जिंदा जल गए। वहीं दो की हालत गंभीर बताई गई है। लोगों का कहना है कि शनिवार सुबह गोदाम में रखी रूई में शॉर्ट-सर्किट से आग लग गई, जो देखते-देखते पहली मंजिल तक पहुंच गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घर के अंदर मौजूद पांच लोग फंस गए थे।

फायर ब्रिगेड की टीम को आग पर काबू पाने में काफी वक्त लग गया। इस दौरान परिवार 3 लोगों की मौत हो गई। इसमें रौशन पड़ित (28), उसकी पत्नी कविता देवी (24) और उनकी बहन सालू (15) शामिल हैं। वहीं रौशन के पिता सुबोध पड़ित (47) और मां सुभावित देवी (42) की हालत नाजुक है। अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। घटना घोड़ासहन थाना क्षेत्र के रेलवे गुमटी के पास की है।

बताया गया है कि सुबोध पड़ित अपने परिवार के साथ शुक्रवार रात घर के मुख्य दरवाजे पर ताला लगाकर सोये थे। सुबह करीब छह बजे के आसपास घर में नीचे से आग लग गई। घर के नीचे रुई और प्लास्टिक का गोदाम से आग की शुरुआत हुई थी। जहां आग लगी वहीं घर की सीढ़ी हैं। इस वजह से वे घर से बाहर नहीं निकल सके। आग का धुआं देख कर आसपास के लोग वहां जमा हो कर अपने अपने घर के छत से पानी फेंक कर किसी तरह आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे।

इसी बीच फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची, किसी तरह ग्रामीणों ने घर के दीवार को तोड़ कर लोगों को बाहर निकाला। लेकिन, तब तक तीन लोगों की मौत हो गई थी। इन्हें आनन फानन में मोतिहारी भेजा गया। जहां एक की मौत हो गई। वहीं सुबोध पड़ित का निजी नर्सिंग होम में जबकि उनकी पत्नी का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि घर के मालिक सुबोध पड़ित ने छत से नीचे कूद कर खुद की जान बचाई। वहीं उनकी पत्नी को ग्रामीणों ने दीवार तोड़ कर बाहर निकाला। इधर, सभी घायल को जब ग्रामीण लेकर स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे तो वहां डॉक्टर नहीं थे। इसको लेकर लोगों में काफी आक्रोश देखा गया।

## कार में आग लगने से 2 युवकों की जान गई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नोएडा के सेक्टर-119 में शनिवार को एक कार में आग लगने से उसमें बैठे 2 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। सफेद रंग की यह कार सुबह-सुबह आम्रपाली प्लैटिनम सोसाइटी के सामने से गुजरी थी। सीसीटीवी में इसकी तस्वीरें भी कैद हुई हैं और तीन मिनट बाद अचानक उसमें आग लग गई। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई। यह देख लोगों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कार की आग पर काबू पाया गया। कार में दो पुरुषों के शव मिले हैं, जिनकी पहचान सोसाइटी के विजय चौधरी (27) और सेक्टर-53 निवासी अनस (27) के रूप में हुई है। दोनों पेशे से इंजीनियर थे। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से पता चलता है कि ये सुबह करीब 6.08 मिनट पर ये कार इस सोसाइटी के आगे खड़ी हुई थी और कुछ ही देर बाद अचानक उसमें आग लग गई। कार कहां से आई और मृतक कहां से लौटे थे, इसकी जानकारी अभी तक नहीं नहीं मिल पाई है। अन्य सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

### सौम्या विश्वनाथन हत्या मामला

## 4 दोषियों को उम्रकैद की सजा मिली

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** पत्रकार सौम्या विश्वनाथन हत्या मामले में दिल्ली कोर्ट ने 15 साल बाद शनिवार को दोषियों को सजा सुनाई। साकेत कोर्ट ने कहा कि अपराध रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस की कैटेगरी में नहीं आता, इसलिए मौत की सजा की अपील खारिज की जाती है। ट्रायल जस्टिस रविंद्र कुमार पांडे ने चार दोषियों को उम्रकैद की सजा दी है, जबकि पांचवें दोषी अजय सेठी को 3 साल जेल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उन पर 1.25 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। इससे पहले 18 अक्टूबर को कोर्ट ने 5 आरोपियों रवि कपूर, अमित शुक्ला, अजय कुमार, अजय सेठी और बलजीत मलिक को दोषी करार दिया था। इन पर मकोका लगाया गया था।

उधर, फैसले के बाद सौम्या की मां माधवी विश्वनाथन ने कहा- मैं चाहती थी कि जो मैं झेल रही हूं, वे (सौम्या के हत्यारे) भी जिंदगी भर वही सब झेलें। मैं संतुष्ट हूं, लेकिन यह नहीं कहूंगी कि मैं खुश हूं। 25 साल की सौम्या विश्वनाथन हेडलाइंस टुडे की पत्रकार थीं। 30 सितंबर 2008 की सुबह दक्षिणी दिल्ली के नेल्सन मंडेला मार्ग पर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। वे ऑफिस से अपनी कार से घर आ रही थीं। पुलिस ने दावा किया था कि हत्या के पीछे का मकसद लूटपाट था। हत्या के पांचों दोषी मार्च 2009 से हिरासत में हैं।

# सिलक्यारा सुरंग : फिर बाधित हुआ बचाव अभियान

## सुरंग के भीतर टूटी बरमा मशीन



**उत्तरकाशी, देशबन्धु।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बचाने के लिए अभियान चल रहा है लेकिन इस बीत अड़चनों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषज्ञों ने शनिवार को बताया कि सुरंग में बड़े पैमाने पर बचाव अभियान के 14वें दिन बरमा मशीन खराब होने से अब इस प्रक्रिया में ज्यादा समय लग सकता है क्योंकि यह ऑपरेशन तकनीकी रूप से और ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, बचाव अभियान में ऑगर (बरमा) मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है जो मलबे के बीच से ड्रिलिंग कर रही है लेकिन रास्ते में धातु बाधा आने पर इसका काम रुक जाता है। इस बीच कई बार बरमा मशीन में खराबी का सामना करना पड़ा है। बचावकर्मी अब बरमा मशीन को निकाल रहे हैं। इसके बाहर आने पर मैन्युअल ड्रिलिंग और वर्टिकल ड्रिलिंग शुरू की जाएगी। फिलहाल मुख्यमंत्री धामी एक बार फिर टनल पर पहुंचे हैं। उन्होंने वर्टिकल ड्रिल पर अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सभी विशेषज्ञों की सलाह से आगे के एक्शन पर फैसला लिया जाएगा। एनडीएमए सदस्य ने कहा कि फिलहाल 47 मीटर की खुदाई हो चुकी है, उसे स्थिर रखना है और बरमा मशीन का टूटा हुआ हिस्सा हटाना है।

### कांग्रेस ने खड़े किए सवाल

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तरकाशी सिलक्यारा में 14 दिन से टनल में फंसे मजदूरों को निकालने की लगातार कोशिश की जा रही है। हर दिन मजदूरों के सफल रेस्क्यू ऑपरेशन में कोई न कोई बाधा आ जाती है। जिसके कारण अभी तक टनल में फंसे मजदूरों को नहीं निकाला जा सका है। वहीं, टनल में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने में हो रही देरी के मामले पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा है। मामले में कांग्रेस ने बीजेपी सरकार और सिस्टम पर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने बाकायदा इसके लिए एक पोस्टर भी जारी किया है।

### अब धैर्य की जरूरत है

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) सैयद अता हसनैन ने कहा कि अब धैर्य की जरूरत है क्योंकि बचावकर्मियों को किसी दबाव में नहीं आना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थिति युद्ध जैसी है और ऑपरेशन को लेकर भविष्यवाणी नहीं की जा सकती है।

### तेलंगाना में प्रचार के लिए जुटे दिग्गज

## राहुल बोले-मोदी के 2 यार, ओवैसी व केसीआर



**हैदराबाद, देशबन्धु।** कांग्रेस सनेता राहुल गांधी ने तेलंगाना में आदिलाबाद जिले में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मोदी जी के दो यार हैं। एक ओवैसी और एक केसीआर हैं। केसीआर चाहते हैं कि नरेंद्र मोदी दिल्ली में प्रधानमंत्री रहें। वहीं, नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि केसीआर तेलंगाना के मुख्यमंत्री रहें।

## मोदी ने भी इंडिया गठबंधन को घेरा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को तेलंगाना के कामारेड्डी में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन और बीआरएस पार्टी पर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि भले ही टीआरएस ने अपना नाम बदलकर बीआरएस कर लिया और यूपीए ने अपना नाम बदलकर इंडिया गठबंधन कर लिया, लेकिन इससे उनका भ्रष्टाचार और कुशासन का इतिहास नहीं बदलेगा।

## राहुल के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची भाजपा, तत्काल कार्रवाई की मांग

राहुल गांधी बनाम भाजपा की लड़ाई गहराती जा रही है। अब राहुल के एक सोशल मीडिया पोस्ट को लकर भाजपा ने चुनाव आयोग में औपचारिक शिकायत दर्ज करा, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के कथित उल्लंघन का हवाला देते हुए उन पर तत्काल कार्रवाई किए जाने की मांग की है। भाजपा ने अपनी शिकायत में कहा है कि राहुल के एक्स पर किए एक पोस्ट जिसमें स्वास्थ्य सेवा,गैस सब्सिडी, कृषि ऋण राहत,अंग्रेजी शिक्षा,ओबीसी आरक्षण से संबंधित वादे के साथ ही राजस्थान में चल रही मतदान प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया था,वह 48 घांटे की मौन क्षेत्र सीमा का उल्लंघन है।

# राजस्थान में 70 फीसदी से अधिक मतदान

- सर्वाधिक 76.57 प्रतिशत मतदान जैसलमेर में हुआ
- सबसे कम 60.71 प्रतिशत पाली जिले में दर्ज किया

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की 199 विधानसभा सीटों पर शनिवार शाम 6 बजे मतदान सपन्न हो गया। राज्य में 70 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान के अनुसार शाम 5 बजे तक प्रदेश में 68.24 फीसदी मतदान हुआ है। जबकि मतदान के लिए निश्चित समय शा1 6 बजे तक 70 फीसदी से ज्यादा मतदाता अपने मत का प्रयोग कर चुके थे। मतगणना 3 दिसंबर को होगी। सर्वाधिक 76.57 प्रतिशत मतदान जैसलमेर जिले में हुआ, जबकि सबसे कम 60.71 प्रतिशत पाली जिले में दर्ज किया गया।

### भरतपुर जिले की कामां व नगर में विवाद

भरतपुर जिले की कामां और नगर विधानसभा क्षेत्र में विवाद हुआ। नगर विधानसभा क्षेत्र के सुकेत गांव में राजकीय प्राथमिक स्कूल के बूथ पर हंगामा कर दिया। यहां एक व्यक्ति दीवार फांदकर बूथ में घुस गया और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से मारपीट शुरू कर दी। उसने वीवीपैट में तोड़फोड़ की। हंगामे की वजह से करीब 30 मिनट तक मतदान बंद रहा। धौलपुर जिले के बाड़ी विधानसभा क्षेत्र में खुले का पूरा गांव में बूथ कैप्चरिंग करने की कोशिश की गई। यहां लोगों की फ्लाइंग स्क्वॉड के मजिस्ट्रेट हरिओम सिरवार से झड़प हो गई। गाड़ी में तोड़फोड़ कर ड्राइवर से मारपीट की। कैमरामैन का कैमरा और फोन छीनकर ले गए। इसके बाद गांव के दो पक्षों के बीच फायरिंग और पत्थरबाजी हुई। घटना में मजिस्ट्रेट के ड्राइवर सहित तीन लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। बाड़ी विधानसभा क्षेत्र के रजई कला गांव में भी फायरिंग का मामला सामने आया। कंचनपुर के एक मतदान केंद्र पर बसपा प्रत्याशी जसवंत गुर्जर और भाजपा कैंडिडेट गिर्राज मलिंगा के समर्थक आमने-सामने हो गए। वहीं अब्दुलपुर गांव में दो पक्ष आपस में भिड़ गए और पथराव कर दिया।

### फतेहपुर शेखावाटी में 2 गुटों में झगड़ा

सीकर के फतेहपुर शेखावाटी में दो गुटों में झगड़ा हो गया। दोनों ने एक-दूसरे पर पत्थर फेंके। घटना बोचीवाल भवन के पीछे बूथ संख्या 128 से 200 मीटर दूर मोहल्ले में हुई। पथराव में एक कॉन्स्टेबल समेत 3 लोग घायल हो गए। चूरू के सरदारशहर के एक बूथ पर कांग्रेस-भाजपा कार्यकर्ताओं में झड़प भी हुई है। जोधपुर के लूणी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी जोगाराम पटेल के कार्यालय पर हमले का आरोप लगाया। सीकर, श्रीगंगानगर जिलों के कई बूथों पर ईवीएम में खराबी के कारण मतदान में देरी हुई। अलवर, झालावाड़, श्रीमाधोपुर सहित कई विधानसभाओं के बूथों पर दूल्हा-दुल्हन भी वोट करने पहुंचे। टोंक की निवाई विधानसभा में 113 साल की वोटर भूली देवी ने भी वोट डाला।

## संविधान दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का होगा आयोजन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विधि एवं न्याय मंत्रालय रविवार को यहां भारतीय विधि संस्थान के सहयोग से विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में संविधान दिवस मनाएगा। इसी दिन 1949 में भारत ने संविधान को अपनाया था। इस कार्यक्रम में पांच तकनीकी सत्रों वाली एक राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी भी आयोजित की जायेगी। इससे कानूनी विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और शिक्षा जगत सहित अन्य लोगों को 2047 के विजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश में कानूनों में सुधार की जरूरतों पर विचार-विमर्श करने का अवसर मिलेगा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे और वह पूर्ण सत्र में मुख्य भाषण देंगे।

## ट्रेड फेयर के अंतिम वीकेंड पर उमड़ी भीड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित ट्रेड फेयर के अंतिम वीकेंड पर दिल्ली पवेलियन में जमकर भीड़ उमड़ी एवं लोग पेवेलियन के सभी स्टालों पर जमकर खरीदारी करते देखे गए। दिल्ली पवेलियन में बने अक्षरधाम मंदिर के साथ सेल्फी लेने का भी लोगों में जमकर क्रेज देखा गया। वहीं पवेलियन में रोज हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्टेज शो का भी लोगों ने लुत्फ उठाया।

## तीर्थयात्रा योजना के तहत ट्रेन द्वारकाधीश रवाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत शनिवार को 83वीं ट्रेन दिल्ली के बुजुर्गों को लेकर द्वारकाधीश के लिए रवाना हुई। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यात्रा पर जाने से पहले यहाँ एक कार्यक्रम में तीर्थयात्रियों से मुलाकात के बाद कहा कि दिल्ली के बुजुर्गों को लेकर ट्रेन लगभग हर सप्ताह तीर्थयात्रा पर जा रही है। इसी कड़ी में आज भी एक ट्रेन 780 तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही है।



## सार-समाचार

### व्यावसायिक शिक्षा का अतिथि व्याख्यान संपन्न



**बण्डा, देशबन्धु।** शास. मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल बंडा में नेशनल स्किल क्वालीफिकेशन फ्रेमवर्क के अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा संचालित हो रही है जिसमे कक्षा नवमी में आईटी एंड आइटीज और कक्षा ग्यारहवीं में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर ट्रेड का संचालन शुरू हुआ है। इलेक्ट्रॉनिक एंड हार्डवेयर के प्रशिक्षक निखिल तिवारी तथा आईटी ट्रेड की व्यावसायिक प्रशिक्षिका रजनी राजगीर है इस योजना के अंतर्गत अतिथि व्याख्यान मोहित अग्रवाल द्वारा करवाया गया जिन्होंने छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा के महत्व तथा कौशल के बारे में बताया और छात्रों के जिज्ञासा भरे प्रश्नों का सटीक उत्तर दिए। कार्यक्रम के दौरान व्यावसायिक पाठ्यक्रम पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं तथा स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे संस्था प्राचार्य बीडी गोंड की निगरानी में संपन्न हुआ इन्होंने छात्रों की उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पशु विचरण मुक्त क्षेत्र सागर से शास्त्री वार्ड की 2 डेरियों को शिफ्ट किया

**सागर, देशबन्धु।** शनिवार को निगमायुक्त के निर्देशानुसार शास्त्री वार्ड स्थित मुकेश यादव की डेयरी के 5 पशु, मुंडी टोरिया भोपाल रोड एवं कमल जैन की डेयरी के 6 पशु खुरई रोड हरियाली पार्क के पास शिफ्ट कराये गए। निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने डेयरी विस्थापन कार्रवाई में लगे सभी दलों को निर्देश दिए हैं कि जो डेयरियां शेष रह गयी है उनको शहर से बाहर शिफ्ट करने की कार्यवाही में तेजी लाये। जिन-जिन पशुपालकों को डेयरी विस्थापन स्थल रतौना में प्लांट आवंटित किए गए हैं और उन्होंने अभी तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया है ऐसे डेयरी संचालकों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते हुये उनके जानवरों को शहर से तत्काल बाहर करने की कार्यवाही करें। डेयरी विस्थापन कार्य के दौरान जिन वार्डो की डेयरियां शहर से बाहर विस्थापित करें वहां संबंधित थाना के पुलिस बल को सूचना देकर कार्यवाही करें तथा कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध पुलिस में एफआईआर करावें।

### अनियंत्रित हुई बाइक, घायल रेफर

**मालथौन, देशबन्धु।** मालथौन थानांतर्गत बाइक सवार सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। जिसे मौके से गंभीर हालत में 108 एम्बुलेंस की मदद से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम को मालथौन के बेसरा परसोन रोड के टगर बागोनिया के पास अनियंत्रित होकर मोटर साइकिल सड़क से नीचे जा गिरी। जिसमें बाइक सवार अनियंत्रित होकर बाइक संदीप पिता रामचंदे निवासी गुसाईं बरोदिया घायल हो गए जिन्हें मौके से सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत एक्सचेंज प्रोग्राम हेतु बीटीआईआरटी के छात्र का चयन

**सागर, देशबन्धु।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत मप्र एवं पश्चिम बंगाल के बीच सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम युवा संगम फेज तीन में संस्था के विद्यार्थी त्रिवेन्द्र सेन ईसीई, पांचवा सेमेस्टर का चयन हुआ है। वे आईआईआईटी डीएम जबलपुर से मप्र के दल में सम्मिलत होकर आईआईटी खड़गपुर पश्चिम बंगाल प्रस्थान करेगा। इस कार्य हेतु मप्र से 2331 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिसमें से मात्र 47 विद्यार्थी विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों से चयनित है इनमें संस्था के त्रिवेन्द्र सेन का नाम भी शुमार है। युवा संगम अनेकता एवं एकता को प्रदर्शित करता है। इस योजना के अंतर्गत, पर्यटन, परंपरा, प्रगति, परस्पर संपर्क एवं संस्कृति, भाषा, रीति-रिवाजों इत्यादि का बखूबी आदान प्रदान होता है पूर्व में आयोजित युवा संगम में भी संस्था के विद्यार्थी सम्मिलत होते रहे है। त्रिवेन्द्र की इस उपलब्धि पर उसका परिवार एवं संस्था हर्षित एवं गौरवान्वित है। इस उपलब्धि पर संस्था के रजिस्ट्रार तरूण कुमार सिंह, प्राचार्य डॉ. वीरेश फुसकेले एवं सचिव इंजी. सत्येन्द्र जैन ने शुभकामनायें दी।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार 2 युवक घायल



**शाहगढ़, देशबन्धु।** सागर कानपुर हाईवे पर गणेशपुरा गांव के पास ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना शनिवार की दोपहर करीब तीन बजे के दरमियान की है। बीला पुलिस ने घायल दोनों युवकों को शाहगढ़ अस्पताल भिजवाया। वहां पर एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। हीरापुर के पशु चिकित्सा विभाग में भृत्य के पद पर कार्यरत 30 वर्षीय रामबाबू रैकवार अपने भाई रमेश के साथ बाइक से सागर जा रहे थे। शनिवार को रामबाबू बाइक से रिश्तेदारी में सागर जा रहे थे। हाईवे पर बीला थाने से आगे सेमरापुल गणेशपुरा गांव के पास सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे रामबाबू और रमेश दोनों दूर जा गिरे। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई लोगों ने बताया कि अगर बाइक सवार दोनों हेलमेट पहने हुए होते तो सिर चोटिल नही हों पाता। चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग गया। बीला पुलिस ने ट्रक जब्त कर दोनों घायलों को शाहगढ़ अस्पताल भिजवाया। वहां पर रामबाबू की हालत गंभीर बनी हुई है जिसे सागर रेफर किया गया है, स्वजन ने बताया कि रामबाबू हीरापुर के पशु चिकित्सा विभाग में नौकरी करता है।

## भोपाल रोड पर बस पलटी

**सागर, देशबन्धु।** मोतीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम रतौना के पास सागर-भोपाल रोड पर तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में बस में सवार करीब आठ यात्रियों को हल्की चोटे आई हैं। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटनाक्रम की जानकारी मिलते ही मोतीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजा। अमरदीप ट्रेवल्स की बस क्रमांक आरजे 09 पीए 5085 शनिवार सुबह इंदौर से सागर की ओर आ रही थी। बस की छत पर भारी मात्रा में लगेज लदा हुआ था। जिसमें खाद की बोरियां समेत अन्य सामान रखा था। सागर आते समय भोपाल-सागर मार्ग पर स्थित ग्राम रतौना के पास अचानक बस अनियंत्रित हो गई। ड्राइवर जब तक बस को संभाल पाता, वह सड़क किनारे पलट गई। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। राहगीर और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। बस में फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटनाक्रम की सूचना पर पुलिस पहुंची और घायल यात्रियों को अस्पताल इलाज के लिए भेजा। हालांकि घटना में किसी भी यात्रियों को गंभीर चोट आने की सूचना नहीं है। मामले में मोतीनगर पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है। प्रथम दृष्टया लगेज से ओवरलोड होने के कारण बस अनियंत्रित होना बताया जा रहा है।

## गुरूनानक जयंती पर निकली शोभायात्रा का कांग्रेस सेवादल ने किया स्वागत



**सागर, देशबन्धु।** गुरूनानक जयंती और प्रकाश पर्व के पावन पुनीत पर्व पर शहर में निकाली गयी शोभायात्रा का शहर के हृदय स्थल तीनबत्ती पर कांग्रेस सेवादल परिवार ने पूर्ण भक्तिभाव से स्वागत किया। शोभायात्रा में सम्मिलित सभी भक्तजनों पर पुष्प वर्षा कर पालकी की पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरण किया। समाज के पंच प्यारे का माल्यार्पण कर सम्मान किया। स्वागतकर्ताओं में शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, ग्रामीण सेवादल अध्यक्ष महेश जाटव, नितिन पचौरी, आनंद हैला, लल्ला यादव आदि सम्मिलित रहे।

## फुटवियर यूनियन ने किया पंच प्यारे का स्वागत



**सागर, देशबन्धु।** गुरुनानक जी के प्रकाश पर्व के मौके पर शास्त्री मार्केट के सामने सागर फुटवियर यूनियन एवं शास्त्री मार्केट एसोसिएशन ने पंच प्यारों का स्वागत किया। स्वागत करने वालों में आसाराम मेंठवानी, अध्यक्ष लालाराम मेठवानी, सनी भाटिया, सतीश गंगवानी, राजेश मनवानी, अभिषेक मेठवानी आदि उपस्थित थे।

# गुरु नानक जयंती के पूर्व सिंधी समाज ने धार्मिक आयोजन की शुरूआत की



**बीना, देशबन्धु।** गुरुनानक देव जी की जयंती के पूर्व बीना सिंधी पंचायत ने शनिवार को धार्मिक आयोजन की शुरुआत की। शनिवार से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। गुरु नानक जयंती के पूर्व शनिवार को सिंधी समाज के लोगों ने बीना के लीलाराम दरबार से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की सवारी ढोल नगाड़ों के साथ नगर के विभिन्न मार्गों से निकाली। यहां पर सिंधी समाज के लोगों ने गुरु ग्रंथ साहिब की सवारी के आगे पुष्प, पानी से छिड़काव करते हुए चल रहे थे। साथ ही जो बोले सौ निहाल के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। श्री गुरु ग्रंथ साहिब की सवारी नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गांधी वार्ड स्थित सिंधी धर्मशाला पहुंची। इसके बाद श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का अखंड पाठ शुरू हुआ। शनिवार की रात 9 बजे श्री शब्द कीर्तन एवं आरती की जाएगी। इसके अलावा 26 नवंबर को सुबह 9 बजे और रात 9 बजे श्री शब्द कीर्तन एवं आरती की जाएगी। गुरु नानक जयंती के दिन सोमवार को सिंधी समाज ने सुबह 11. 30 बजे भोग साहिब, शब्द कीर्तन एवं आरती, दोपहर 1. 30 बजे लंगर, रात 8 बजे पाठक वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर में रुमाल साहिब, रात 9 बजे भंडारा, रात 10 बजे रागी द्वारा शब्द कीर्तन, रात 1.20 बजे गुरुनानक जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

## पिता को खाना देने जा रही युवती से रास्ता रोककर युवक ने की छेड़छाड़

**बीना, देशबन्धु।** खिमलासा गांव में एक युवती के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। युवती के पिता खेत पर सिंचाई कर रहे थे। पिता को खाना देने के लिए खेत पर पहुंचने से पहले ही रास्ते में गांव के ही एक युवक ने बुरी नियत से युवती को रोक कर छेड़छाड़ कर दी। विरोध करने पर आरोपी मौके से भाग गया। पीड़िता ने खेत पर पहुंचकर पूरी घटना अपने पिता को बताई। इसके बाद वह परिजनों के साथ रिपोर्ट दर्ज कराने थाना पहुंचीं। थाने में महिला अधिकारी न होने के कारण उसे महिला डेस्क बीना भेजा गया। युवती के बयानों के आधार पर महिला डेस्क प्रभारी कविता द्विवेदी ने आरोपी के खिलाफ धारा 354 के तहत शून्य पर मामला दर्ज कर डायरी खिमलासा थाना भेज दिया है। खिमलासा थाना प्रभारी मोहन मर्सकोले ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। घटना के बाद से युवक फरार है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## सीएमएचओ ने बण्डा पहुंचकर अस्पताल का निरीक्षण किया



**बण्डा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बण्डा में गर्भवती माताओ की स्वास्थ्य संबंधी जांच जिला चिकित्सालय सागर से आई हुई महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर किरण सिंह द्वारा नर्सिंग ऑफिसर के सहयोग से की गई। जिसका आकस्मिक निरीक्षण डॉ. ममता तिमोरी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा किया गया और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर बण्डा बीएमओ एवं बीईई सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## खजुरिया के पास हुए सड़क दुर्घटना में घायल युवक ने अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम

**मालथौन, देशबन्धु।** नेशनल हाइवे 44 के खजुरिया के पास हुए सड़क दुर्घटना में बाइक सवार 26 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान सागर के एक निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर से मालथौन नगर का माहौल गमगीन हो गया। वही घटना से मृतक के भाई व परिजनों का हाल बहुत बुरा हैं। मृतक की अंतिम यात्रा में सैकड़ो लोग शामिल हुए माहौल देखकर हर आंख नम हो गई। जानकारी के अनुसार मालथौन जैन पंचायत कमेटी के संयोजक बारेलाल कठरया के नाती व अध्यक्ष योगेश कठरया का भतीजा अमन उर्फ शालू पिता अखलेश कठरया 21 नवंबर मंगलवार को पीजीडीसीए का पेपर देने के लिए बाइक से सागर जा रहा था केंट थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 44 के खजुरिया के पास सड़क हादसे का शिकार हो गया, सिर में गंभीर चोट पहुंची थी बहुत खून बह चुका था। मौके से नाजुक हालत में स्थानीय लोगो की मदद से एक कार से मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था घटना की सूचना पर परिजन मेडिकल कालेज पहुंचे जहां उसके बाद परिजनों ने नाजुक हालत के चलते सागर की निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां चार दिन से इलाज चल रहा था जहां कौमा की स्थिति बनी हुई थी, साथ में उसकी जिन्दगी के लिए उसके सैकड़ो मित्र शुभचिंतक दुआये कर रहे थे लेकिन अंत में जिंदगी की जंग हार गया। सड़क हादसे में केंट पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

# बीटीआईआरटी का राज्य एवं नोडल स्तरीय स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन




**सागर, देशबन्धु।** आरजीपीव्ही भोपाल द्वारा वर्तमान में विभिन्न खेलों की राज्य एवं नोडल स्तरीय स्पर्धायें आयोजित की जा रही है। इन स्पार्धाओ में बीटीआईआरटी के विद्यार्थी शानदार प्रदर्शन कर अपना व संस्था का नाम रोशन कर रहे है। हाल ही में एसआईआरटी भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय वेट लिफ्टिंग स्पर्धा में संस्था के खिलाड़ियो ने एक स्वर्ण, एक रजत व दो कास्य पदक हासिल किये। शिवम विश्वकर्मा ने स्वर्ण, रामअवतार साहू ने एक रजत व सुखदेव तिवारी एवं रितिक रजक ने कॉस्य पदक हासिल कर अपना व संस्था का गौरव बढ़ाया। शुभम विश्वकर्मा का चयन राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा के लिए हुआ। सागर नोडल की नोडल स्तरीय क्रिकेट एवं बास्केटबाल स्पर्धाओं में बीटीआईआरटी की टीम चैंपियन बनी दोनो स्पर्धाओं के फायनल में बीटीआईआरटी में आईजीईसी को पराजित किया। संस्था के खिलाड़ियो के शानदार प्रदर्शन के लिये संस्था की ओर से आरजीपीव्ही के सागर नोडल अधिकारी समर्थ जैन एवं संस्था के खेल अधिकारी शैलेन्द्र कुर्मी का विशेष योगदान रहा है। इन उपलब्बियों पर संस्था के रजिस्ट्रार तरूण कुमार सिंह, डिप्लोमा विंग के प्राचार्य डॉ. सुजीत सिंह, प्राचार्य डॉ. वीरेश फुसकेले एवं सचिव इंजी. सत्येन्द्र जैन ने शुभकामनायें दी।

## बीआर मेमोरियल स्कूल में खेल प्रतियोगिता संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** विगत दिवस शालेय छात्रों छात्राओं की विविध खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई है। डॉ. मीना पिंपलपुरे एवं डॉ. विजय मनोज के निर्देशन पर आयोजित की गई ड्रम बीट पर मार्च पास्ट के साथ प्रतियोगिताएं का आरंभ हुई। सभी विजेता खिलाड़ियों को गोल्ड मेडल पहनकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में शाला अध्यक्ष डॉ. निकिता पिंपलापुरी, संयुक्त सचिव डॉ. अरविंद गोस्वामी, कोषाध्यक्ष यूके नागाइच, डॉ. अरुण कुमार सोनी, अशोक सोनी उपस्थित रहे। सीआर मॉडल बहुउद्देशीय उच्च. माध्य. शाला व बीआर मेमोरियल इंग्लिश मीडियम स्कूल के समस्त स्टाफ की सहभागिता रही। प्रतियोगिता में उपस्थित शालेय अध्यक्ष डॉ. निकिता पिंपलपुरे ने कहा कि खेलकूद जीवन में बहुत महत्व रखता है। यह छात्र-छात्राओं की शारीरिक क्रियाओं को भी बनाए रखता है जिससे मानसिक रूप से विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करते हैं। शाला की तीन दिव्यांग छात्राओं की विशेष प्रतियोगिता आयोजित की गई और उन्हें विक्ट्री स्टैंड पर खड़े कर सम्मान मेडल से पुरस्कृत किया गया व छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया। कीड़ांगन में संस्था के दोनों विद्यालयों का स्टाफ उपस्थित रहा।

# साहित्यकार की कलम कभी रुकती नहीं, विचार कभी थमते नहीं: डॉ. सिरोठिया

**सागर, देशबन्धु।** बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच की संगोष्ठी सागर की साहित्यिक गतिविधियों के मध्य एक ऐतिहासिक स्मरणीय प्रयासों की चर्चा भी बन जाएगी कि सागर में 1506 वीं गोष्ठी निर्वाध गति से निरंतर क्रम में गोष्ठी डॉ. श्याम मनोहर सिरोठिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। पृथ्वीपुर की कवियित्री संध्या साहू एवं डॉ. नलिन जैन के द्वारा प्रस्तुत मां सरस्वती की वंदना से संगोष्ठी की शुरुआत हुई। डॉ. श्याम मनोहर सिरोठिया ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा साहित्यकार के कलम कभी रुकते नहीं, विचार कभी थमते नहीं। इस कथन का साक्षात प्रमाण हैं, ये निरंतर संगोष्ठयां। काव्यपाठ करते हुए कहा जन्म लेकर वेदना की कोख से एक कविता मुस्कूराई शान से। दर्द के इतिहास के सामने हो गयी तन कर खड़ी सम्मान से। संयोजक बेलिहाज चौबे ने कहा किसी भी कार्य की सीमा रेखा न हो तो कार्य का सुचारू संचालन एवं लक्ष्य प्राप्ति संभव नहीं है। यह देवता व मनुष्य दोनों पर समान रूप से लागू है। आप और हम भी ऐसी ही सामाजिक गतिविधियों में संलग्न हैं, कि समाज का हित करते हुए अपनी भी पहचान बना सकें, कदाचरण से दूर, सदाचरण की साया में, ऐसा कर सकते हैं। काव्य पाठ करते हुए कहा अनजाने लेकिन इंसानों के बीच, सौहार्दता का एकदम अभाव। सहायता मदद तो दूर, इशारों तक से वंचित। मानवीय स्वार्थों में डूबे लोग अनचाही एकता में बंधे, एक सड़क, बस या ट्रेन में, चलने की बाध्यता। अन्यथा एक दूसरे को रौंदते हूए, निकल जाते, बेलिहाज, महानगरों के लोग। गोष्ठी में काव्य पाठ हेतु गुरुग्राम एनसीआर दिल्ली से चांदनी केसरवानी, चित्रकूट से राम लाल तिवारी प्राणेश, पृथ्वीपुर से वीरेंद्र त्रिपाठी, डॉ. राजेश अहिरवार सुमन एवं वीरेंद्र चंसोरिया, रीवा से डॉ. बारेलाल जैन, बड़ामलहरा से डॉ. देवदत्त द्विवेदी सरस एवं राजेन्द्र यादव, दमोह से पुष्पा चिले एवं डॉ. प्रेमलता नीलम एवं सागर से डॉ. सीताराम श्रीवास्तव भावुक, पूरन सिंह राजपूत, डॉ. चंचला दवे, संतोष श्रीवास्तव विद्यार्थी, देवकी नन्दन रावत, डॉ. नलिन जैन ने काव्य की विभिन्न प्रस्तुतियां दी।

## धर्म करने से मन को बेहद शाति की अनुभूति होती है: निधी जैन



**सागर, देशबन्धु।** उदासीन आश्रम में चल लहे गजरथ महोत्सव में निधी सुनील जैन ने सहपरिवार शामिल होकर धर्म लाभ लिया, गजरथ महोत्सव में सात फेरी लगाकर पुण्य अर्जित किया साथ ही सभी के कल्याण की भगवान से कामना की इस अवसर निधी जैन के कहा कि मुझे धार्मिक अनुष्ठान एवं स्थानो पर जाकर बेहद सुकुन प्राप्त होता है जब भी मन को शांति चाहिए एवं एकाग्रता चाहिए होती हो तो मंदिर में जाकर ईश्वर की शरण में पहुंच जाती हूं। इस अवसर समाज के वरिष्ठ जनो सहित चंकेश सिंघई, पूर्व विधायक सुनील जैन ने उपस्थित होकर गजरथ महोत्सव मे चलने वाले गजानंद महाराज का पूजन किया।

# व्यवसाय को जब आत्मविश्वास और प्रसन्नता के साथ किया जाता है तो अधिक सफलता मिलती है: कपिल मलैया



**सागर, देशबन्धु।** विचार समिति एवं सहयोगी संस्थान क्रेस्ट एलाइंस के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं को पांच दिवसीय स्वरोजगार प्रशिक्षण विचार कार्यालय में दिया गया जिसका शनिवार को समापन हुआ। इस अवसर पर प्रशिक्षण ले रही महिलाओं का सर्टिफिकेट और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इन महिलाओं ने मारूति शोरूम के सामने व्यवहारिक बाजार व्यवस्था समझने के लिए फुल्की, ऊनी कपड़े, इडली, ढोकला, भेलपुरी और चाय के स्टाल लगाकर ग्राहकों के सुझाव समझे। स्वरोजगार प्रशिक्षण की अधिक जानकारी देते हुए विचार समिति अध्यक्ष कपिल मलैया ने महिलाओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि व्यवसाय खेल के जैसा है। कभी हमारे पक्ष में तो कभी नहीं, इसलिए व्यवसाय बहुत डर के नहीं करना है। व्यवसाय को जब आत्मविश्वास और प्रसन्नता के साथ किया जाता है तो अधिक सफलता मिलती है। सलाह सबकी ले, उसमें हमें अपने काम की चीज ढूंढ़नी है। व्यापार में उतार चढ़ाव आते है उनसे घबराने की जरूरत नहीं है। आज हमारे सामने सैकड़ों उदाहरण हैं जिन्होंने छोटे रूप में स्वरोजगार की शुरुआत की और आज वे सफल है। समिति कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत ने बताया कि आज हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती है रोजगार की। बड़ी आबादी के साथ में हम केवल नौकरी पर निर्भर नहीं रह सकते। हम लगातार महिलाओं को प्रशिक्षित कर रहे हैं उनको स्वरोजगार के क्षेत्र में व्यवसाय चुनना और आगे बढ़ाने के लिए मदद कर रहे हैं। क्रेस्ट एलाइंस के परियोजना सहयोगी पल्लवी ने जानकारी देते हुए कहा कि क्रेस्ट एलाइंस कौशल विकास के ऊपर कार्य करती है। हमारा उद्देश्य महिलाओं को इस काबिल बनना है कि वह आज के समय के अनुरूप काम कर पाए, आर्थिक रूप से सक्षम हो सके। देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर पाएं। इन पांच दिनों के प्रशिक्षण में महिलाएं अपने बारे में जान पायें। अपनी रूचि के अनुरूप व्यवसाय कर सकें। उसके साथ व्यवसाय में आने वाली समस्याओं पर चर्चा की जाती है कि हमें सामान कहां से जुटाना है। मार्केट में कैसे जगह बनानी है। आय एवं व्यय का लेखा जोखा कैसे तैयार करना है। हम विचार समिति के माध्यम से इन महिलाओं की मदद कर रहे हैं। क्रेस्ट एलाइंस परियोजना सहयोगी प्रांजल कहते हैं कि आत्मविश्वास सफलता की कुंजी है। यही आत्मविश्वास जीवन में सही निर्णय लेने में काम आता है। प्रशिक्षण में हम उन गुणों पर काम करने वाले हैं जो महिलाओं को आने वाले भविष्य में सक्षम बनने में मदद करेंगे।

## सार समाचार

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के हरपालपुर थाना क्षेत्र अंतगर्त नौगॉव रोड़ पर पेट्रोल पंप के पास किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के थाना महोबकंठ के ग्राम सौरा निवासी जिला बैजनाथ पिता अच्छेलाल उम्र 37 वर्ष शुक्रवार दोपहर 12 बजे अपनी बाइक से हरपालपुर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह राजा ढाबा पैट्रोल पंप के समीप पहुंचा तभी तेज गति से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा देखकर वहां काफी भीड़ एकत्रित हो गयी। सूचना मिलते ही वहां पहुंची 108 एम्बुलेंस की मदद से उसे प्राथमिक स्वास्थ केंद्र लाया गया। जहाँ डॉक्टर ने मृतक घोषित कर दिया। पुलिस में परिजनों की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया और मार्ग क़ायम करके जांच की जा रही है।

### मातगुवां थाने के प्रधान आरक्षक की सडक हादसे में मौत

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय से सत्रह किमी दूर स्थित मातगुवां थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक भानुप्रताप सिंह लोधी की बीती रात करीब बारह बजे सडक हादसे में मौत हो गई है। वे देर रात ग्राम रगौली गांव से मातगुवां लौटते समय हादसे के शिकार हो गये हैं। जानकारी के अनुसार प्रधान आरक्षक भानुप्रताप सिंह लोधी किसी मामले की जांच में ग्राम रगौली गये हुये थे। जब वे देर रात वहां से वापिस आ रहे थे तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वे सडक पर जा गिरे और वाहन उन्हें रौदता हुआ निकल गया। जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि इस हादसे की जानकारी मिलने पर मौके पर जाकर पंचनामा बनाया और षव का पोस्टमार्टम कराके परिजन को सौंप दिया गया है। उनके शव का अंतिम संस्कार टीकमगढ जिले के ग्राम लडवारी में किया गया है। पुलिस का कहना है कि मर्ग कायम करके अज्ञात वाहन चालक की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

# पाकिस्तानियों की पहली पसंद था यहां का पान, अब गिन रहा आखिरी सांसें

## लबों से गुम होने लगी पान की लाली, पान किसान बेरोजगार



**छतरपुर, देशबन्धु।** काल का चक्र है कब कैसा घूम जाए कौन राजा बन जाए और कौन रंक कहा नहीं जा सकता. कल तक जिनके पान की पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान से लेकर कई मुस्लिमों देशों में धूम रहती थी, आज वह मालिक से मजदूर बनते जा रहे हैं।

वैसे तो पान की खेती पूरे भारत में की जाती है, लेकिन बुंदेलखंड का यह इलाका पान की खेती से हजारों लोगों को रोजगार देने के साथ क्षेत्र की खुशहाली का जरिया रहा है। बताते हैं कि करीब 300 साल पहले महाराजा छत्रसाल ने जब महाराजपुर नगर बसाया उस समय यहां के लोगों को रोजगार के साधन के लिए पान की खेती शुरू कराई थी, जो आज भी की जा रही है। देखा जाए तो मध्य प्रदेश में सर्वाधिक पान की खेती छतरपुर जिले के महाराजपुर, गढ़ीमलहरा, बारीगढ़, पिपट, पनागर सहित अन्य गांवों में होती है। बुंदेलखंड का देशी पान पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के लोगों के मुंह की मिठास के लिए विख्यात रहा है। इन देशों में निर्यात के कारण यहां 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में प्रति वर्ष 500 करोड़ का पान कारोबार होता रहा है। वर्ष 1990 के दशक में पान की खेती से लगभग एक लाख लोगों की रोजी-रोटी का साधन रही है।

वर्ष 2001 में दिल्ली में संसद भवन पर हमले के बाद से तस्वीर पूरी तरह बदल गई। इसके बाद से कई देशों में पान का निर्यात पूरी तरह से बंद हो गया। जलवायु परिवर्तन से सूखा, बाढ़ और ओलावृष्टि ने इसे नुकसान पहुंचाया। रही सही कसर कोरोना काल में हुए नुकसान के साथ सरकारी मदद न मिलने से पूरी हो गई। नतीजा ये हुआ कि लगभग डेढ़ दशक पहले बुंदेलखंड में पान की खेती करने वाले किसानों की संख्या अस्सी फीसदी से घटकर 10 फीसदी रह गई है। वहीं पान का सालाना कारोबार लगभग दो करोड़ तक सिमट कर रह गया है। अब इतना कम पान उत्पादन होता है कि यहां के लोगों की ही मांग पूरी नहीं होती है। इस तरह से दुनिया में मशहूर छतरपुर जिले में पान की खेती अब अंतिम सांसे गिन रही है। पान किसान खेती के बजाए पलायन कर मजदूरी करने को मजबूर हैं। सही मायने में कहा जाए तो लगातार घाटे ने पान की खेती की इस विरासत को विलुप्त होने के कगार पर पहुंचा दिया है। इसे बचाने के लिए पान किसान और व्यवसायी संघर्ष कर रहे हैं।

### बरेजों में लहलहाती हैं पान की बेलें

परंपरागत तरीके से बरेजे बनाकर 5 महीने की कड़ी मेहनत से पान की फसल तैयार होती है। बरेजा तैयार करके मिट्टी की गहरी जुताई करने के बाद करीब एक फीट ऊंची मेढ़ बनाई जाती है। इस मेढ़ पर पान की बेल की कलम डेढ़ बाय डेढ़ की दूरी पर रोपते हैं। गर्मी से बचाव के लिए सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था की जाती है। कीट और मौसम की मार से बचाने के लिए इसे छायादार नेट हाउस में लगाया जाता है। नेट हाउस की सुविधा न होने पर किसान मिलजुल कर बांस-बल्ली और नेट का उपयोग कर नेट हाउस तैयार करते हैं। पान के स्वाद और गुणवत्ता पर कोई असर न हो, इसके लिए किसी भी तरह के कीटनाशक का इस्तेमाल नहीं किया जाता है।

### सरकार से मिला सिर्फ आश्वासन

पान किसानों का कहना है उन्होंने कई बार पान की खेती को फसल का दर्जा देने की मांग उठाई, लेकिन सरकार ने सिर्फ उन्हें कोरा आश्वासन ही दिया है। न पान विकास निगम बना, न ही पान विकास बोर्ड बनाया गया। किसानों को मदद तो दूर पान की खेती में हुए नुकसान का मुआवजा तक उन्हें नहीं मिलता है। इन्ही कारणों से पान की खेती से किसानों का मोह भंग होने लगा है। पान की खेती को जोखिम भरा व्यवसाय मानकर किसान इससे दूरी बनाने लगे है। स्थानीय व्यवसायियों की राय है कि पान की खेती बढ़ाने के लिए किसानों को प्रोत्साहन की जरूरत है। खेती के नए-नए साधन उपलब्ध कराने और नुकसान होने पर सरकार से मदद की दरकार भी है। यहां बता दें कि 1990 के दशक में पान की खेती लगभग एक लाख लोगों के लिए रोजगार का जरिया रही है। अब यह संख्या बमुश्किल 10 हजार रह गई है। पहले बुंदेलखंड के लगभग 100 गांवों में पान की खेती होती थी, अब केवल 6 गांवों में इसकी खेती हो रही है। डेढ़ दशक में पान की खेती दस फीसदी रह गई है। पान की खेती में लागत और मुनाफे का अंतर कम होने के यदि यही हालात बने रहे तो कुछ सालों बाद यहां पान की खेती विलुप्त हो जाएगी।

**इनका कहना है**

### 500 करोड़ का कारोबार चंद करोड़ में सिमटा

यहां कभी पान का 500 करोड़ का कारोबार हुआ करता था। पाकिस्तान सहित दूसरे मुस्लिम देशों में एजेंटों के माध्यम से पान का निर्यात किया जाता था। वक्त और मौसम की मार से पान कारोबार सालाना लगभग दो करोड़ तक सिमट जाने से किसानों कर्ज और बर्बादी के अलावा कुछ नहीं मिला है। बुंदेलखंड में लगभग 50 हजार हेक्टेयर में होने वाली पान की खेती का रकबा घटकर आधा रह गया है। इसके पीछे लगातार नुकसान के साथ सरकार से पर्याप्त राहत न मिलना भी मुख्य वजह रही है।

**चितरंजन चौरसिया**
**प्रगतिशील किसान, गढ़ीमलहरा**

### फायदे का धंधा अब कर्ज की वजह बना

पान की खेती कभी फायदे का धंधा हुआ करता था, लेकिन अब घाटे का सौदा बन गया है। मौसम की मार से कभी सूखा, कभी ओलावृष्टि, बे-मौसम बारिश से तबाही और सरकार की उपेक्षा से पान किसान संकट में आ गए हैं। साहूकारों से लिया कर्ज भी नहीं चुका पा रहे हैं। बहुत से पान किसानों ने तो इस खेती के पुश्तैनी धंधे से तौबा कर ली है। अब बड़ी संख्या में पान किसान गांवों से पलायन करके दूसरे राज्यों में मजदूरी करने चले गए हैं।

**महेश चौरसिया, पान कृषक**

## तिल्ली सहित अन्य तिलहनों की आवक से मंडी में रौनक



नौगाँव, देशबंधु। स्थानीय कृषि उपज मंडी इन दिनों तिल्ली, सरसों, मूंगफली और सोयाबीन जैसी फसलों की अच्छी खासी आवक होने से मंडी की रौनक बढ़ गई है। जिससे न सिर्फ मंडी बल्कि रौनकयाब है , किसानों के चेहरे भी खिले हुए हैं। नवीन कृषि उपज मंडी में मिल रही सुविधाओं का यह नतीजा है।

उल्लेखनीय है कि इस बार क्षेत्र में तिलहन की फसल की पैदावार और ज्यादा कर रहे हैं। वर्तमान में इस क्षेत्र में किसान तिली, सरसो, मूगफली, सोयाबीन जैसी फसलें पैदावार में रुचि रख रहे है। हालांकि मंडी पहुंचने वाले किसानों को थोड़ी सी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल समस्या या मंडी बोर्ड की अनदेखी के कारण नवीन मंडी में दुकान और गोदाम बनाने में नाकाम रहा। हालांकि

मंडी समिति ने भी अपने मांग पत्र प्रस्ताव में मंडी प्रांगण में दुकान और गोदाम बनाने के लिए मंडी बोर्ड भोपाल को लिखा था, मगर उनके कानों पर जूं तक नही रेंगा।

### मंडी बोर्ड का कारनामा

आवक के मुताबिक मंडी परिसर में टीन शेडों का निर्माण किया जाना है। इसके लिए ठेका भी दिया जा चुका है। इसके बाद भी ठेकेदार गोविंद गुप्ता जो हरिओम कन्ट्रेक्शन कम्पनी जतारा के नाम से बनाए हुए हैं। उनका भाई मंडी बोर्ड में ओहदे पर बैठा है। जिसके कारण शेडों के निर्माण कार्य की गति धमी है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता का आलम यह है यहां मंडी पहुंच मार्ग कुछ महीनों में ही गड्ढों में तब्दील हो गया।

## सड़क चौड़ीकरण का काम बंद होने से राहगीर परेशान

**छतरपुर, देशबन्धु।** बड़ामलहरा नगर परिषद द्वारा कराये जा रहे डिवाइडर निर्माण के लिये सड़क चौड़ीकरण का काम बंद होने से लोग परेशान हैं।

नगर के बीचों बीच मुख्य मार्ग पर पर बनने वाले डिवाइड़र को लेकर इन दिनों अजीब हक़त बने हुए हूं। सडक के दोनों ओर दस दस फीट तक इस सड़क के चौड़ीकरण का कार्य कराया जा रहा था। मगर चुनाव के दरम्यियान आदर्श आचार संहिता लगने के साथ ही ये काम बंद कर दिये जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है सड़क के दोनों ओर पटरियों पर चौड़ीकरण के लिए खुदाई करा दी गई है। इसके बाद गिट्टी डालकर काम अचानक ही बंद कर दिया गया है। जिससे लोगों को जहां आने जाने में परेशानी हो रही है वहीं लोग गिरकर घायल भी हो रहे हैं। बताया गया है कि मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना तृतीय चरण से मिली एक करोड़ की राशि से फर्स्ट फेज में घुवारा तिराहा से महाराजगंज तिराहा के नजदीक तक काम स्वीकृत है। यह निर्माण कार्य विधानसभा चुनाव के पूर्व शुरू कर दिया गया था जो चुनाव के कुछ ही दिन पहले बंद भी कर दिया गया। इसे लेकर लोगों द्वारा तरह.तरह के अनुमान भी लगाये जा रहे है। हालांकि लोगों का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण का कार्य चुनाव के पूर्व ही स्वीकृत होकर शुरू हो चुका था जिससे इससे आचार संहिता के उल्लंघन का सवाल ही पैदा नहीं होता है। फिर बंद हो जाने की बात आसानी से गले नहीं उतर रही है। बहरहाल इस सड़क निर्माण का काम अटक जाने से आमजन को जो परेशानी हो रही है उस बारे में अभी तक नगर प्रशासन मौन बना है। नगर पालिका के उपयंत्री श्रीकांत खरे का कहना है सड़क चौड़ीकरण का काम चुनाव में ठेकेदार की व्यस्तता के चलते रोक दिया गया था इसे दो तीन दिनों में आरंभ कर दिया जायेगा। इसी तरह सीएमओ उमाशंकर मिश्रा का कहना है कि मैं ठेकेदार से बात करके तुरंत ही यह काम शुरू कराता हूं।

## तेलंगाना, झारखंड़, पश्चिमी बंगाल, उड़ीसा, लददाख के छात्रों ने जानी नई तकनीक की खेती



**नौगांव-छतरपुर, देशबन्धु।** इन दिनों भारत वर्ष में आधुनिक कृषि के लिये न केवल सरकार बल्कि कृषि विश्व विद्यालय के वैज्ञानिक और कृषि विज्ञान केन्द्र में पढने वाले छात्र छात्रायें आधुनिक तकनीक से खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिये अलग अलग स्थानों पर जाकर प्रशिक्षण ले रहे है।

नौगांव कृषि विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र में 8 राज्यों 1 केन्द्र शासित प्रदेश के छात्र छात्राओं ने जिले में संचालित होने वाली कृषि संबंधी तकनीक की विशेष जानकारी कृषि विज्ञान केन्द्र कृषि वैज्ञानिकों से ली। इस दल में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार , तेलंगाना, झारखंड,पश्चिम बंगाल , केरल, उड़ीसा एवं लददाख के विद्यार्थी शामिल हुये। जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र नौगांव में 16 छात्र छात्राओं का दल जिले के लोकल डिमोस्ट्रेशन सर्वे दलहन के साथ रावे कार्यक्रम को लेकर 23 नवम्बर से 29 नवम्बर तक भ्रमण करेगा। इसमें विकासखंड के किसानों के साथ सर्वे करते हुये आंकड़ा संग्रहित कर रहा है आगामी अध्ययन और योजना के लिये लाभकारी दाल सिमट और अटारी जबलपुर के संबंधित जिले में रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. एस एस सिंह के निर्देशन में यह कार्य विश्वविद्यालय द्वारा कराया जा रहा है। कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉक्टर वीणा पाणी श्रीवास्तव के साथ डॉ कमलेश अहिरवार, डॉ हेमंत सिन्हा के अलावा अन्य शोध सहायक डॉक्टरों के निर्देशन में छात्र छात्रायें 30 ग्रामों में सर्वे किया जाना है। दौनी, गिलोहा, घूर, गहबर, गौरिहार, हतवा, जरेहटा कला , घटरा अभाऊ, का सर्वे कार्य किया जा चुका है। छतरपुर जिले की फसल विविधता के साथ-साथ कृषि और कृषि की शैक्षणिक गतिविधियों से भी छात्र-छात्राओं को अवगत कराया जा रहा है ।

### मध्य प्रदेश के 21 छात्र गये विदेश , नौगांव की बेटी शामिल

कृषि विश्व विद्यालय गवालियर 21 विद्यार्थी अंतर्राष्टीय प्रशिक्षण के लिये बैकांक



मैक्सको और वीयतनाम के लिये शनिवार को रवाना हुआ इनके कलेक्टर गवालियर के द्वारा विदाई दी गयी। इनमें नौगांव की बेटी वर्षा प्रजापति भी शामिल है। जो बीएससी एग्री कल्चर से इंदौर में पढ़ाई कर रही थी वह भी इन छात्रों में शामिल होकर विदेश गयी है यह नगर के लिये गौरव की बात है विद्यार्थी को तीन अन्तर्राष्टीय प्रशिक्षण के लिये भेजा गया है। जिन्हे देश की विकास और प्रगति में नये कृषि उत्पादन की जानकारी मिलेगी। इसमें खाद सुरक्षा, गेहूं, मक्का उन्नत किस्मों के विकास व उत्पादन को बढ़ावा फसल की बीमारी को रोकने और छोटे किसानों को बेहतर कृषि की जानकारी और आधुनिक बनाने और नयी पद्धति की नवाचार सीखेगे। जिन्हे कृषि विश्व विद्यालय गवालियर से कलेक्टर अक्षय कुमार ने विदाई दी।

## शहर में खुले पड़े ट्रांसफार्मर बाक्स से हो रहे हादसे, जिम्मेदार मौन

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर के मुख्य सड़कों और वार्डों में विभिन्न स्थानों पर बिजली के खुले पड़े ट्रांसफार्मर के करंट से आये दिन किसी न किसी मवेशी की मौत हो रही है। इससे जिम्मेदार मौन बने हैं।

जानकारी के अनुसार अकेले छतरपुर शहर के अंदर बिजली कंपनी द्वारा करीब 460 ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। इसमें सर्किट हाउस तिराहा के पास, एलआईसी कार्यालय के सामने, चौक बाजार, महल रोड सिटी कोतवाली के पास, बकायन मार्ग, सटई रोड और स्टेडियम के सामने लगे कई ट्रांसफार्मर सहित की अन्य ट्रांसफार्मर के बाक्स सालों से खुले पड़े हैं। जो आए दिन पालतू जानवरों की मौत का कारण बन रहे हैं। इसके बावजूद बिजली कंपनी इन बाक्स को बंद नहीं करा सकी है। देखा जाए तो कई ट्रांसफार्मर के आस-पास खरपतवार उग गया है। जिसे खाने के लिए वहां जैसे ही जानवर पहुंचते हैं वैसे ही वे खुले पड़े तारों के संपर्क में आकर करंट लगने से हादसे के शिकार हो जाते हैं। कई जगह बिजली के खुले-झूलते तार भी हादसों की वजह बने हैं।

शहर में विभिन्न स्थानों पर बिजली के खुले तार जमीन से 7 फीट की ऊंचाई पर झूल रहे हैं। जिससे वाहन चालकों के साथ हादसे होने का खतरा बना रहता है। वहीं कई स्थानों पर खंभे न होने से लकड़ी के डंडे के सहारे बिजली के तार एक किमी तक की दूरी में डाले गए हैं, जिससे बारिश के मौसम में हादसे होने का खतरा बढ़ जाता है। इस समस्या को लेकर कई बार शहर के समाजसेवियों ने जिला प्रशासन के साथ बिजली कंपनी के अधिकारियों से शिकायत भी की, लेकिन विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## रेलवे लाइन पर काम कर रहे श्रमिक को बेरहमी से पीटा

**छतरपुर, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाने के अंतर्गत ग्राम चंद्रपुरा में रेलवे लाइन पर काम कर रहे एक श्रमिक को चार पांच युवकों ने घेरकर बुरी तरह से पीटकर घायल कर दिया। उसके तसला, फावडे सहित अन्य सामान को भी तोड डाला। ग्राम सिमरिया निवासी संतोस अहिरवार ने बताया कि वह चंद्रपुरा में रेलवे लाइन पर मजदूरी का काम कर रहा था। तभी गांव के आसिफ, नौसाद सहित उनके साथियों ने उसे घेरकर बुरी तरह से पीटकर घायल कर दिया। इसके बाद वे उसे जान से मार डालने की धमकी देते हुये भाग गये। पीडित ने थाने पहुंचकर मामले की जानकारी दी और न्याय दिलाने की मांग की है। उसका कहना है कि यदि सभी आरोपी शीघ्र नही पकड़े गए तो उसे आरोपियों से जान का खतरा बना हुआ है।

### बीएसी, सीएसी को दिये 2 दिन में यू डाइस करने के निर्देश

**छतरपुर, देशबन्धु।** बीआरसी कार्यालय में जनशिक्षा केन्द्र के अर्न्तगत सभी बीएसी, सीएसी सहित पीएलएन के कक्षा एक और कक्षा तीन के एमटी में पढ़ाने वाले शिक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया।

विकासखण्ड स्त्रोम समन्यवक राजेश रावत ने विभिन्न कार्यो की समीक्षा करते हुये कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशो का शत प्रतिशत पालन होना चाहिये। छात्रवृत्ति सहित यूडाइस का कार्य सभी शासकीय अशासकीय विद्यालयो में दो दिन में ऑनलाईन करने के निर्देश दिए गये। बैठक में नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण और ऑनलाईन रिसीविंग की समीक्षा की गई। सभी जनशिक्षको को निर्देश दिये गये कि दो दिवस में ही शत् प्रतिशत पुस्तको का वितरण एवं ऑनलाईन रिसीविंग का कार्य पूरा हो जाना चाहिए। वहीं छात्रो को वितरण होने वाली गणवेश, अर्द्ववार्षिक परीक्षा सहित अन्य मुद्दो पर समीक्षा करके सख्त निर्देश दिये गये।

## पुरानी रंजिश पर मामा-भांजे के साथ मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थानांतगज़्त पुरानी छावनी क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर चार लोगों ने मामा-भांजे के साथ मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सुनील रजक निवासी पुरानी छावनी सरकारी स्कूल के पास ने कोतवाली में शिकायत दजज़् कराई कि गत शाम वह अपने घर पर खाना खा रहा था। इस दौरान उनका भांजा पवन रजक एवं दीदी कृष्णा रजक भी घर पर ही थे। तभी पुरानी रंजिश को लेकर संजय बाल्मीकी, बंटी बाल्मीकी, अनूप बाल्मीकि और हषज़् बाल्मीकि उनके घर के सामने आये और दीदी के साथ गाली गलौंच करने लगे। इस दौरान आरोपियों ने फरियादी पवन के सिर पर लोहे के नुकीले हथियार से हमला कर दिया। वहीं लाठी-डंडे से उनके भांजे एवं दीदी के साथ भी मारपीट की। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दजज़् किया है।

## तेजी से कराया जा रहा 4 संजीवनी क्लीनिकों का निर्माण

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर में अलग-अलग क्षेत्रों में 4 संजीवनी क्लीनिक स्वीकृत हुए हैं। इन चारों क्लीनिक के भवनों का निर्माण नगर पालिका परिषद द्वारा शुरू करा दिया गया है। यह चारों भवन शीघ्र बनकर तैयार होंगे।

बड़ी तेजी से फैल रहे छतरपुर शहर की करीब ढाई लाख आबादी के इलाज के लिए केवल जिला अस्पताल ही एकमात्र सरकारी अस्पताल है। इसके अलावा इतने बड़े शहर में न एक भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है, न कोई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। ऐसी स्थिति में जिला अस्पताल में इलाज के लिए मरीजों की भीड़ उमड़ती है। लोगों को इलाज के लिए घंटों इंतजार करते देखा जाता है। इस समस्या को देखते हुए छतरपुर शहर में चार संजीवनी क्लीनिक खोले जाना हैं। जिससे लोगों को छोटे-छोटे रोगों के इलाज के लिए जिला अस्पताल जाकर घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अब लोगों को अपने क्षेत्र में ही संचालित संजीवनी क्लीनिक में त्वरित और समुचित इलाज आसानी से मिल सकेगा। नगर पालिका छतरपुर के उपयंत्री गोकुल प्रसाद प्रजापति ने बताया शहर के राजनगर रोड पर 22.66 लाख रूपये की लागत से संजीवनी क्लीनिक बनाया जाएगा। इसी तरह बगराजन माता मंदिर क्षेत्र में 22.44 लाख रूपये, महोबा रोड पर 2.44 लाख रूपये और भैंसासुर मुक्तिधाम क्षेत्र में 22.44 लाख रुपये की लागत से संजीवनी क्लीनिक का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इन क्लीनिक में एक डाक्टर के साथ नर्स और कंपाउंडर को पदस्थ किया जाएगा। इनका निर्माण कार्य कराने वाले ठेकेदार को 3 माह में कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### सड़कों पर दौड़ रहे ओवरलोड वाहनों से हादसों का खतरा

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर में इन दिनों यात्री वाहन क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर सड़कों पर सरपट दौड़ रहे हैं। जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बनी है। देखने में आता है कि अधिक कमाई के चक्कर में छोटे यात्री वाहनों के चालक क्षमता से दोगुने यात्री बैठाकर वाहन को अंधी गति से चलाते हैं। सवारियां वाहनों के अंदर ठूंस-ठूंसकर बैठाने के अलावा बाहर भी लटकी रहती हैं। जिले के हर थानों के सामने से ऐसे वाहन आराम से गुजरते रहते हैं और पुलिस इनको अनदेखा किए रहती है। लोगों का कहना है कि ऐसे वाहनों पर कार्यवाही की जाए, ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके। लोगों का आरोप है कि यातायात पुलिस शहर के बाहर चैकिंग प्वाइंट लगाकर ऐसे वाहनों और ट्रकों से एंट्री के नाम से अवैध रूप से वसूली करके इन्हें मनमानी करने की छूट दिए है।

# साहित्य

कहानी

■ यशपाल

# दुःख का अधिकार



मनुष्यों की पोशाकें उन्हें विभिन्न श्रेणियों में बाँट देती हैं। प्रायः पोशाक ही समाज में मनुष्य का अधिकार और उसका दर्जा निश्चित करती है। वह हमारे लिए अनेक बंद दरवाजे खोल देती है, परंतु कभी ऐसी भी परिस्थिति आ जाती है कि हम जरा नीचे झुककर समाज की निचली श्रेणियों की अनुभूति को समझना चाहते हैं। उस समय यह पोशाक ही बंधन और अड़चन बन जाती है। जैसे वायु की लहरें कटी हुई पतंग को सहसा भूमि पर नहीं गिर जाने देतीं, उसी तरह खास परिस्थितियों में हमारी पोशाक हमें झुक सकने से रोके रहती है।

बाज़ार में, फुटपाथ पर कुछ ख़रबूज़े डलिया में और कुछ जमीन पर बिक्री के लिए रखे जान पड़ते थे। ख़रबूज़ों के समीप एक अधेड़ उम्र की औरत बैठी रो रही थी। ख़रबूज़े बिक्री के लिए थे, परंतु उन्हें खरीदने के लिए कोई कैसे आगे बढ़ता? ख़रबूज़ों को बेचनेवाली तो कपड़े से मुँह छिपाए सिर को घुटनों पर रखे फफक-फफककर रो रही थी।

पड़ोस की दुकानों के तख़्तों पर बैठे या बाज़ार में खड़े लोग घृणा से उसी स्त्री के संबंध में बात कर रहे थे। उस स्त्री का रोना देखकर मन में एक व्यथा-सी उठी, पर उसके रोने का कारण जानने का उपाय क्या था? फुटपाथ पर उसके समीप बैठ सकने में मेरी पोशाक ही व्यवधान बन खड़ी हो गई।

एक आदमी ने घृणा से एक तरफ़ थूकते हुए कहा, 'क्या जमाना है! जवान लड़के को मरे पूरा दिन नहीं बीता और यह बेहया दुकान लगा के बैठी है।'

दूसरे साहब अपनी दाढ़ी खुजाते हुए कह रहे थे, 'अरे जैसी नीयत होती है अल्ला भी वैसी ही बरकत देता है।'

सामने के फुटपाथ पर खड़े एक आदमी ने दियासलाई की तीली से कान खुजाते हुए कहा, 'अरे, इन लोगों का क्या है? ये कमीने लोग रोटी के टुकड़े पर जान देते हैं। इनके लिए बेटा-बेटी, ख़सम-लुगाई, धर्म -ईमान सब रोटी का टुकड़ा है।'

परचून की दुकान पर बैठे लाला जी ने कहा, 'अरे भाई, उनके लिए मरे-जिए का कोई मतलब न हो, पर दूसरे के धर्म-ईमान का तो खयाल करना चाहिए! जवान बेटे के मरने पर तेरह दिन का सूतक होता है और वह यहाँ सड़क पर बाज़ार में आकर ख़रबूज़े बेचने बैठ गई है। हजार आदमी आते-जाते हैं। कोई क्या जानता है कि इसके घर में सूतक है। कोई इसके ख़रबूज़े खा ले तो उसका ईमान- धर्म कैसे रहेगा? क्या अँधेर है!'

पास-पड़ोस की दुकानों से पूछने पर पता लगा- उसका तेईस बरस का जवान लड़का था। घर में उसकी बहू और पोता-पोती हैं। लड़का शहर के पास डेढ़ बीघा भर जमीन में कछियारी करके परिवार का निर्वाह करता था। ख़रबूज़ों की डलिया बाज़ार में पहुँचाकर कभी लड़का स्वयं सौदे के पास बैठ जाता, कभी माँ बैठ जाती।

लड़का परसों सुबह मुँह- अँधेरे बेलों में से पके ख़रबूज़े चुन रहा था। गीली मेड़ की तरावट में विश्राम करते हुए एक साँप पर लड़के का पैर पड़ गया। साँप ने लड़के को डस लिया।

लड़के की बुढ़िया माँ बावली होकर ओझा को बुला लाई। झाड़ना-फूँकना हुआ। नागदेव की पूजा हुई। पूजा के लिए दान-दक्षिणा चाहिए। घर में जो कुछ आटा और अनाज था, दान-दक्षिणा में उठ गया। माँ, बहू और बच्चे 'भगवाना' से लिपट-लिपटकर रोए, पर भगवाना जो एक दफ़े चुप हुआ तो फिर न बोला। सर्प के विष से उसका सब बदन काला पड़ गया था।

ज़िंदा आदमी नंगा भी रह सकता है, परंतु मुर्दे को नंगा कैसे विदा किया जाए? उसके लिए तो बजाज की दुकान से नया कपड़ा लाना ही होगा, चाहे उसके लिए माँ के हाथों के छन्नी-ककना ही क्यों न बिक जाएं ।

भगवाना परलोक चला गया। घर में जो कुछ चूनी-भूसी थी सो उसे विदा करने में चली गई। बाप नहीं रहा तो क्या, लड़के सुबह उठते ही भूख से बिलबिलाने लगे। दादी ने उन्हें खाने के लिए ख़रबूज़े दे दिए लेकिन बहू को क्या देती? बहू का बदन बुख़ार से तवे की तरह तप रहा था। अब बेटे के बिना बुढ़िया को दुअन्नी-चवन्नी भी कौन उधार देता।

बुढ़िया रोते-रोते और आँखें पोंछते-पोंछते भगवाना के बटोरे हुए ख़रबूज़े डलिया में समेटकर बाज़ार की ओर चली-और चारा भी क्या था?

बुढ़िया ख़रबूज़े बेचने का साहस करके आई थी, परंतु सिर पर चादर लपेटे, सिर को घुटनों पर टिकाए हुए फफक-फफककर रो रही थी।

**पड़ोस की दुकानों के तख़्तों पर बैठे या बाज़ार में खड़े लोग घृणा से उसी स्त्री के संबंध में बात कर रहे थे। उस स्त्री का रोना देखकर मन में एक व्यथा-सी उठी, पर उसके रोने का कारण जानने का उपाय क्या था? फुटपाथ पर उसके समीप बैठ सकने में मेरी पोशाक ही व्यवधान बन खड़ी हो गई। पड़ोस की दुकानों के तख़्तों पर बैठे या बाज़ार में खड़े लोग घृणा से उसी स्त्री के संबंध में बात कर रहे थे। उस स्त्री का रोना देखकर मन में एक व्यथा-सी उठी, पर उसके रोने का कारण जानने का उपाय क्या था? फुटपाथ पर उसके समीप बैठ सकने में मेरी पोशाक ही व्यवधान बन खड़ी हो गई। एक आदमी ने घृणा से एक तरफ़ थूकते हुए कहा, क्या जमाना है! जवान लड़के को मरे पूरा दिन नहीं बीता और यह बेहया दुकान लगा के बैठी है।**

कल जिसका बेटा चल बसा, आज वह बाज़ार में सौदा बेचने चली है, हाय रे पत्थर-दिल!

उस पुत्र-वियोगिनी के दुःख का अंदाजा लगाने के लिए पिछले साल अपने पड़ोस में पुत्र की मृत्यु से दुःखी माता की बात सोचने लगा। वह संभ्रांत महिला पुत्र की मृत्यु के बाद अढ़ाई मास तक पलंग से उठ न सकी थी। उन्हें पंद्रह-पंद्रह मिनट बाद पुत्र-वियोग से मूर्छा आ जाती थी और मूर्छा न आने की अवस्था में आँखों से आँसू न रुक सकते थे। दो-दो डॉक्टर हरदम सिरहाने बैठे रहते थे। हरदम सिर पर बर्फ़ रखी जाती थी। शहर भर के लोगों के मन उस पुत्र-शोक से द्रवित हो उठे थे।

जब मन को सूझ का रास्ता नहीं मिलता तो बेचैनी से कदम तेज हो जाते हैं। उसी हालत में नाक ऊपर उठाए, राह चलतों से ठोकरें खाता मैं चला जा रहा था। सोच रहा था- शोक करने, गम मनाने के लिए भी सहूलियत चाहिए और--- दुःखी होने का भी एक अधिकार होता है।


व्यंग्य

■ शरद जोशी

## बुद्धिजीवियों का दायित्व

लोमड़ी पेड़ के नीचे पहुंची. उसने देखा ऊपर की डाल पर एक कौवा बैठा है, जिसने मुंह में रोटी दाब रखी है. लोमड़ी ने सोचा कि अगर कौवा गलती से मुंह खोल दे तो रोटी नीचे गिर जाएगी. नीचे गिर जाए तो मैं खा लूं.

'लोमड़ी बाई, शासन ने हम बुद्धिजीवियों को यह रोटी इसी शर्त पर दी है कि इसे मुंह में ले हम अपनी चोंच को बंद रखें. मैं जरा प्रतिबद्ध हो गया हूं आजकल'



लोमड़ी ने कौवे से कहा, ' भैया कौवे! तुम तो मुक्त प्राणी हो, तुम्हारी बुद्धि, वाणी और तर्क का लोहा सभी मानते हैं. मार्क्सवाद पर तुम्हारी पकड़ भी गहरी है. वर्तमान परिस्थितियों में एक बुद्धिजीवी के दायित्व पर तुम्हारे विचार जानकर मुझे बहुत प्रसन्नता होगी. यों भी तुम ऊंचाई पर बैठे हो, भाषण देकर हमें मार्गदर्शन देना तुम्हें शोभा देगा. बोलो मुंह खोले कौवे!'

इमर्जेंसी का काल था. कौवे बहुत होशियार हो गए थे. चोंच से रोटी निकाल अपने हाथ में ले धीरे से कौवे ने कहा – 'लोमड़ी बाई, शासन ने हम बुद्धिजीवियों को यह रोटी इसी शर्त पर दी है कि इसे मुंह में ले हम अपनी चोंच को बंद रखें. मैं जरा प्रतिबद्ध हो गया हूं आजकल, क्षमा करें. यों मैं स्वतंत्र हूं, यह सही है और आश्चर्य नहीं समय आने पर मैं बोलूं भी.'

इतना कहकर कौवे ने फिर रोटी चोंच में दबा ली.

ग़ज़ल

■ बिस्मिल अज़ीमाबादी

न अपने ज़ब्त को रुस्वा करो सता के मुझे
ख़ुदा के वास्ते देखो न मुस्कुरा के मुझे

सिवाए दाग़ मिला क्या चमन में आ के मुझे
क़फ़स नसीब हुआ आशियाँ बना के मुझे

अदब है मैं जो झुकाए हुए हूँ आँख अपनी
ग़ज़ब है तुम जो न देखो नज़र उठा के मुझे

इलाही कुछ तो हो आसान नज़्अ की मुश्किल
दम-ए-अख़ीर तो तस्कीन दे वो आ के मुझे

ख़ुदा की शान है मैं जिन को दोस्त रखता था
वो देखते भी नहीं अब नज़र उठा के मुझे

मिरी क़सम है तुम्हें रहरवान-ए-मुल्क-ए-अदम
ख़ुदा के वास्ते तुम भूलना न जा के मुझे

हमारा कौन ठिकाना है हम तो 'बिस्मिल' हैं
न अपने आप को रुस्वा करो सता के मुझे

हरमिंदर साहिब, अमृतसर का यात्रा संस्मरण

# नानक नाम चढ़दी कलां– तेरे भाणे सरबत दा भला

■ मिर्ज़ा जाहिद बेग


दुनिया के सभी धर्म अपने पवित्र ग्रंथों में समस्त मानवता के लिए करुणा और प्रेम का सन्देश देते हैं लेकिन इन धर्म ग्रंथों को आम तौर पर कोई अन्य धर्मावलम्बी नहीं पढ़ता। वो इनके अनुयायियों को देखता है और उस धर्म के बारे में, उसके दूतों, अवतारों और पैगंबरों के बारे में अपनी राय क़ायम करता है। मेरा अपना अनुभव और मानना है कि इस मामले में सिख धर्म के अनुयायी अन्य धर्मों के अनुयायियों से अक्सर बेहतर साबित हुए हैं।

पंद्रहवीं शताब्दी में गुरु नानक देव जी द्वारा सिखी की स्थापना से ही सिखों ने सम्पूर्ण मानवता की सेवा और राष्ट्रप्रेम के अनुपम प्रतिमान स्थापित किये हैं यद्यपि अपने धर्म की स्थापना से ही उन्होंने अत्याचार का दंश झेला है। शुरुआत में मुगलों ने अपने राजनैतिक मक़सद के लिए उनका दमन किया। विभाजन के समय भी सबसे ज़्यादा हिंसा उन्हीं के ख़िलाफ़ हुई। इंदिरा जी की हत्या से उपजे आक्रोश के फलस्वरूप उन्हें जान और माल का अपूरणीय नुक़सान हुआ पर सलाम इस क़ौम को कि उनके दिल में किसी धर्म के प्रति कटुता स्थायी रूप से जगह नहीं बना पाई।

व्यक्तिगत तौर पर आप किसी भी सिख से मिलिए उसकी गर्मजोशी और मृदु व्यवहार आपको इस क़ौम का क़ायल बना देगा। अपने गुरुओं की सीख को उन्होंने पूरी तरह आत्मसात किया हुआ है। खालसा एड इंटरनेशनल के सेवा कार्यों के बारे में तो अब लगभग सारी दुनिया जान ही चुकी है। आप दुनिया के किसी भी गुरूद्वारे में चले जाइये वहाँ का आत्मीय माहौल, सेवा की परम्परा और हर मज़हब के दर्शनार्थियों के लिए निरंतर चलते लंगर आपको अपना मुरीद बना लेंगे। जब तक आप दर्शन कर के बाहर आएंगे सेवादार आपके जूते चमका देंगे, आपको पता भी नहीं चलेगा की आपके जूते चमकाने वाला कौन है? हो सकता है कि वह विदेश में रहने वाला कोई अरबपति सिख या आईएएस-आईपीएस हो।

मेरा सौभाग्य रहा है कि मुझे हरमिंदर साहिब से लेकर हिन्दी पट्टी के अधिकाँश गुरुद्वारों में गुरुग्रंथ साहिब का दर्शन करने और उसका पाठ सुनने का शर्फ़ हासिल हुआ है। मैं जहाँ भी पर्यटन के लिए गया अगर वहाँ गुरुद्वारा है तो मेरे क़दम बेखुदी में उस ओर उठ ही गए। यूँ कहिये कि गुरूद्वारे मुझे अपनी ओर खींचते हैं।

इस बारे में एक व्यक्तिगत अनुभव आपके साथ साझा करना चाहता हूँ। हम सपरिवार जनवरी 2010 में इंदौर से अमृतसर,दिल्ली, आगरा और फतेहपुर सीकरी पर्यटन के लिए निकले। इंदौर से पहला पड़ाव अमृतसर था। लगभग शाम के 5 बजे ट्रेन इंदौर से निकली। हमारे कूपे में सामने वाली बर्थ पर एक छोटा सा सिख परिवार बैठा था – माँ, उनका नौजवान बेटा और एक किशोरवय बेटी। उनके पिता और चाचा पकिस्तान से लरकाना साहिब में मत्था टेक कर 3 दिन बाद आने वाले थे और वे उन्हें लिवाने के लिये अमृतसर जा रहे थे।



जैसा कि अमूमन ट्रेन यात्राओं में होता है परिचय की शुरुआत 'आप कहाँ जा रहे हैं' से हुई। जैसे ही उन्हें पता चला कि हम मुस्लिम हैं और हरमिंदर साहिब दर्शन के लिए जा रहे हैं वो इतने प्रसन्न और अभिभूत हुए कि उसको बयाँ करना मुश्किल है। पंजाबी अपने खाने/खिलाने के शौक के लिए पूरी दुनिया में मशहूर हैं आप यक़ीन नहीं करेंगे दोस्तो, अमृतसर तक लगभग 35 घंटों के सफर में उन्होंने हमें 35 रूपये भी खर्च नहीं करने दिए। इतना सारा और इतनी तरह का खाना ले कर वो चले थे कि पूरे सफर के दौरान हम अपना टिफ़िन निकाल ही नहीं पाए। यही नहीं अपने परिजनों के लिए स्वर्णमंदिर परिसर के बाहर ट्रस्ट की धर्मशाला में आरक्षित एसी कक्ष 24 घंटे के लिए हमें उपलब्ध करा दिया, अपने साथ हरमिंदर साहिब के दर्शन कराये और वाघा सरहद तक लेकर गये।

दूसरे दिन हम स्वर्ण मंदिर परिसर में शाम को टहल रहे थे। मग़रिब की नमाज़ का वक़्त हो गया था, मैं टहलता हुआ बच्चों से थोड़ा दूर आ गया था। बेटे ने मुझ से आ कर कहा-'डैडी मम्मी नमाज़ पढ़ने का बोल रही हैं।' मैंने कहा-'ठीक है परिसर के बाहर चलते हैं।'

तब तक श्रीमती जी भी वहां आ गईं और कहा कि 'इतनी भीड़ है बाहर निकलने में और कमरे तक पहुँचने में एक घंटे से ज़्यादा वक़्त लग जायेगा और नमाज़ कज़ा हो जायगी।' अब मैं सकपकाया मुझे पता था कि उन्होंने किशोरावस्था के बाद अब तक शायद एक नमाज़ भी नहीं छोड़ी थी। वे बोलीं -'यहीं कहीं पढ़ लें।'

मैं सिखों और मुस्लिमों के रक्त-रंजित इतिहास को जानता था। यद्यपि यह भी जानता था कि 1588 में गुरु अर्जन साहिब ने लाहौर के एक मुस्लिम फ़क़ीर(सूफी संत) हजरत मियां मीर जी से हरमिन्दर साहिब की नींव रखवाई थी पर यह भी सत्य है कि पिछले 422 सालों में पंजाब की पांचो नदियों में दोनों क़ौमों का बहुत रक्त बह चुका था। घर से दूर हजारों सिखों के बीच उनके सबसे पवित्र धर्म-स्थल पर बीबी-बच्चों को नमाज़ पढ़ने का कहने की मेरी हिम्मत नहीं हुई। शायद पढ़ा-लिखा होना इंसान को पूर्वाग्रही भी बना देता है। हमारी इस उहापोह को वहाँ तैनात एक सेवादार ने भांप लिया और हिन्दी मिश्रित गुरुमुखी में मुझसे कहा -'बोलें क्या बात है ?'

मेरे कुछ कहने से पहले ही बिटिया ज़ेनिफ़र ने उन्हें सारा माज़रा कह सुनाया। सेवादार महाशय मुस्कराये और बोले-' तो इसमें क्या दिक़्क़त है?' बस, फिर क्या था पवित्र सरोवर मेरे परिवार के लिए वज़ूख़ाना बन गया। सेवादार ने भीड़ को एक तरफ़ किया। दिशा भ्रम होने के कारण हमें बताया कि मग़रिब (पश्चिम) किस तरफ़ है। अपने उत्तरीय को पवित्र सरोवर में डुबो कर नमाज़ पढ़ने के स्थान को पोंछा, जब तक श्रीमती जी और बच्चे नमाज़ पढ़ते रहे, वे अपनी चिर-परिचित नीले रंग की पोशाक में चार फ़ीट लम्बी तलवार क़मर से लटकाये वहीं खड़े रहकर नमाज़ियों के सामने से लोगों को निकलने से रोके रहे।

ज़रा तसव्वुर कीजिये मित्रों दुनिया के सबसे पवित्र सिख धर्मस्थल पर हज़ारों सिखों के बीच में मेरा परिवार हरमिंदर साहिब में अपने रब की बारग़ाह में सज्दा कर रहा था। बेटे के सर पर टोपी के स्थान पर अकाल तख़्त के प्रतीक वाला भगवा सरोपा (रुमाला) बंधा हुआ था। बिटिया और श्रीमती जी के सर पर हिज़ाब था। उन तीन नमाज़ियों के एहतराम में निहंग सर पर पगड़ी और क़मर में तलवार बांधे खड़ा था। यह एक कल्पनातीत दृश्य था। जिसका चित्रण करना नामुमकिन है। जो संवेदनशील होंगे उन्हें दिख रहा होगा कि इन नमाज़ियों, उस निहंग और वहाँ से ख़ामोशी से गुज़र रहे दर्शनार्थियों पर अल्लाह की रहमत के साथ-साथ तमाम प्रातःस्मरणीय गुरुओं और मियां मीर का आशीर्वाद भी बरस रहा था।

बच्चों की नमाज़ के बाद मैंने अपनी भीग आई आँखों की कोर को पोंछा और उस मोहब्बत के फ़रिश्ते से मुसाफ़ा( दोनों हाथ मिलाना ) कर उसका शुक्रिया अदा किया। सेवादार महाशय 'कोई गल नी जी, कोई गल नी' कहते हुए वापस अपने काम में लग गये। हम भी मोहब्बत और सर्वधर्म समभाव का एक अमिट पाठ अपने हृदय पर अंकित कर वहाँ से विदा हुए।

**मेरा सौभाग्य रहा है कि मुझे हरमिंदर साहिब से लेकर हिन्दी पट्टी के अधिकाँश गुरुद्वारों में गुरुग्रंथ साहिब का दर्शन करने और उसका पाठ सुनने का शर्फ़ हासिल हुआ है। मैं जहाँ भी पर्यटन के लिए गया अगर वहाँ गुरुद्वारा है तो मेरे क़दम बेखुदी में उस ओर उठ ही गए। यूँ कहिये कि गुरूद्वारे मुझे अपनी ओर खींचते हैं। इस बारे में एक व्यक्तिगत अनुभव आपके साथ साझा करना चाहता हूँ। हम सपरिवार जनवरी 2010 में इंदौर से अमृतसर,दिल्ली, आगरा और फतेहपुर सीकरी पर्यटन के लिए निकले।**

## सार-समाचार

### हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच हुई



**राहतगढ़, देशबन्धु।** सामुदायिक सिविल अस्पताल में शनिवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। करीब 82 गर्भवती महिलाओं की खून, यूरिन, ग्लूकोज, इंट्रोलरेंस टेस्ट एवं अन्य जांच सागर से आई स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सरोज भूरिया ने की। ब्लॉक मेडिकल ऑफीसर डॉ. विकेश फुसकेले ने बताया कि शिविर के माध्यम से गर्भवती महिलाओं का समय पर उचित प्रबंधन किया जाएगा। जिसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित प्रसव संस्थागत किया जाए। जिससे जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित रहे। इस मौके पर डॉ. पूजा बरुआ, डॉ. उमा विजयन, डॉ. स्नेहा जैन, नरेश साहू, लक्ष्मण, प्रमोद सोनी आदि मौजूद रहे।

### होमवर्क नहीं करने पर छात्र को शिक्षिका ने पीटा

**बीमा, देशबन्धु।** कुरुआ गांव के निजी स्कूल में चौथी कक्षा में पढ़ने वाले छात्र को होमवर्क नहीं करने पर स्कूल की शिक्षिका ने शनिवार को छड़ी से पीट दिया। बच्चे ने पूरी घटना परिजनों को बताई। इसके बाद परिजनों ने एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। अभिभावक जितेन्द्र सिंह परिहार ने शिकायत में कहा कि उनका बच्चा कुरुआ गांव में संचालित डिजिटल माइंड पब्लिक स्कूल में पढ़ता है। स्कूल प्रबंधन उनके बच्चे को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताडित कर रहे हैं। इसका असर उनके बेटे के दिमाग पर पड़ रहा है। डर के कारण बच्चा परेशान है। बच्चे के हाथ और पैर में चोट के निशान हैं। शिकायत पर नायब तहसीलदार ने थाना प्रभारी को तीन दिन में जांच पूरी कर प्रतिवेदन देने के आदेश दिए हैं।

#### प्रताड़ित करने के आरोप निराधार

स्कूल के डायरेक्टर वसीम अली ने बताया कि प्रताड़ित करने का आरोप निराधार है। कोई भी शिक्षक छात्र को प्रताड़ित क्यों करेगा। बच्चे को जो होमवर्क दिया गया था वह पूरा करके नहीं आ रहा था। इसी को लेकर शिक्षक ने बच्चे को एक छड़ी मार दी। मारपीट करने का आरोप निराधार है।

# अमृत भारत स्टेशन योजना से होगा बीना जंक्शन का कायाकल्प



**बीना, देशबन्धु।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जल्द ही बीना जंक्शन का कायाकल्प किया जाना है, जिसकी डिजाइन पर अंतिम निर्णय लेने के लिए जबलपुर जोन महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय और भोपाल मंडल रेलवे प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी अपनी टीम के साथ जंक्शन पहुंची और स्टेशन का निरीक्षण कर नए भवन निर्माण की डिजाइन को लेकर चर्चा की। जीएम ने मंडल और जंक्शन के अधिकारियों के साथ बैठक ली, जिसमें उन्होंने बीना जंक्शन के नए भवन और सुविधाओं के विस्तार की, जो डिजाइन तैयार की है उसके हर एक पाइंट पर चर्चा कर उसे फाइनल किया। इस दौरान डिजाइन में कुछ थोड़ी, बहुत कमियां पाई गई, उनमें सुधार भी किए गए हैं। जबलपुर जोन महाप्रबंधक ने बताया कि बीना जंक्शन का कायाकल्प 265 करोड़ रुपए की लागत से किया जाना है, जिसमें जरूरत पड़ने पर राशि और बढ़ाई जाएगी। इसका काम अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किया जाना है, जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस मौके पर सीनियर डीओएम शशांक गुप्ता, सीनियर डीएसओ रविन्द्र शर्मा, सीनियर डीएसटी, सीनियर डीइएन, सीनियर डीसीएम कटारिया, एडीआरएम जबलपुर आनंद कुमार, स्टेशन प्रबंधक संतोष शर्मा, स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य सुशील पांडे, डीसीआइ आशीष अवस्थी, डीआइ एसएल रावत आदि अधिकारी उपस्थित थे।

### सीसीटीवी से रखी जाएगी स्टेशन पर नजर

इस दौरान जीएम ने सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। उन्होंने स्टेशन के परिसर को सीसीटीवी से लैस करने और कैमरा बढ़ाने की बात कही। इस दौरान स्टेशन से यात्रा कर रहे यात्रियों से भी चर्चा की और स्टेशन पर सुविधा के संबंध में सुझाव भी लिए। इसके बाद रेल कर्मचारियों की समस्याएं भी सुनी और उन्हें हल करने के निर्देश दिए।

### तीसरी लाइन का काम पूरा करने के दिए निर्देश

जीएम ने बीना-आगासौद तीसरी रेलवे लाइन का काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीना-आगासौद, दिल्ली-मुंबई मेन लाइन पर स्थित है, जहां पर ट्रेन का ट्रैफिक ज्यादा रहता है, इसलिए तीसरी लाइन पर जल्द काम पूरा किया जाए। इसके अलावा महादेव खेड़ी-मालखेड़ी लाइन का बाकी काम भी जल्द पूरा करने के लिए कहा है।

## धमकाकर छात्रा के साथ किया दुष्कर्म

**सागर, देशबन्धु।** गोपालगंज थाना में 17 वर्षीय छात्रा ने दुष्कर्म की शिकायत की है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने डरा धमकाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। वहीं कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 17 वर्षीय पीड़िता ने परिवार वालों के साथ गोपालगंज थाने आकर शिकायत में बताया कि वह कालेज में प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही है। इसी साल मई माह में वह जैसीनगर क्षेत्र में रहने वाले अपने रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने के लिए गई थी। जहां उसकी मुलाकात बसोना निवासी श्रीराम पटेल से हुई। दोनों के बीच बातचीत हुई और एक दूसरे का मोबाइल नंबर ले लिया। पीड़िता जैसीनगर से लौटकर वापस सागर आ गई। दोनों के बीच फोन पर बातचीत होने लगी। 18 जून को आरोपी श्रीराम सागर आया। वह पीड़िता को बाइक पर बैठाकर मकरोनिया क्षेत्र में रहने वाले अपने दोस्त के रूम पर ले गया। जहां आरोपी ने डरा धमकाकर नाबालिग के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी अलग-अलग जगहों पर नाबालिग को साथ लेकर गया और गलत काम किया। 16 नवंबर को भी आरोपी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया था। आरोपी घटनाक्रम के संबंध में किसी को बताने पर पीड़िता के पिता को जान से मारने की धमकी देता था। आरोपी की हरकतों से परेशान होकर पीड़िता ने मां को अपनी आपबीती बताई। जिसके बाद परिवार वाले पीड़िता के साथ थाने पहुंचे और शिकायत की। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी श्रीराम के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। वहीं कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## गांजे की तस्करी करने वाले आरोपी को 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं एक लाख रूपये अर्थदण्ड

**सागर, देशबन्धु।** मोटर साइकिल से गांजे की तस्करी करने वाले आरोपी सुरेन्द्र शर्मा को न्यायालय विशेष न्यायाधीश अंतर्गत धारा 36 (1) स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 जिला सागर अब्दुल्लाह अहमद की न्यायालय ने दोषी करार देते हुये स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 की धारा.8 सहपठित धारा. 20(इ)(पप)(ब) के तहत 10 वर्ष कठोर कारावास एवं एक लाख रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। मामले की पैरवी प्रभारी उप संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में विशेष लोक अभियोजक संजय कुमार पटैल ने की। घटना इस प्रकार है कि थाना राहतगढ़ को 24 अक्टूबर 2017 को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि सुरेन्द्र शर्मा नाम का व्यक्ति मोटर साइकिल से गांजा ले जा रहा है एसडीओपी राहतगढ़ को कार्यवाही की सूचना देने के उपरांत हमराह स्टाफ के साथ मुखबिर के बताये स्थान ऐरण नाका पर रूककर संदेही का इंतजार किया जिसके कुछ समय पश्चात एक व्यक्ति मोटर साइकिल पर आता दिखाई दिया जिसकी मोटर साइकिल पर पीछे एक बोरा बंधा हुआ था वह व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा उसे हम राह स्टाफकी मदद से पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर अपना नाम सुरेन्द्र शर्मा पिता बाबूलाल शर्मा होना बताया। आरोपी की मोटर साइकिल पर बंधे बोरे को खोलकर देखने पर उसमें मादक पदार्थ रखा होना पाया गया जिसे छूकर, सूंघकर, जलाकर देखा तो अनुभव के आधार पर गांजा होना पाया गया। आरोपी के कब्जे से कुल 22 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। आरोपी का कृत्य धारा. 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत पाये जाने से उसे गिरफ्तार किया गया। थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

## मतगणना 3 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित

**सागर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार विधानसभा निर्वाचन.2023 को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य द्वारा 3 दिसम्बर 2023 को मतगणना दिवस को शुष्क दिवस घोषित करते हुए मदिरा की बिक्री प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य द्वारा जारी आदेश अनुसार शुष्क दिवसों में संपूर्ण सागर जिले की परिसीमा में स्थित एवं संचालित समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानों, एफएल.3 होटलबार एवं जिले में स्थित देशी मद्यभंडागार से मदिरा का आयात, निर्यात, परिवहन, क्रय, विक्रय एवं प्रदाय पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

### नगर कीर्तन का स्वागत किया

**सागर, देशबन्धु।** गुरुनानक जयंती पर सिख समाज द्वारा नगर कीर्तन प्रमुख मार्ग से निकाला गया। राधा तिराहा पर एकता समिति ने पंज प्यारों का पुष्पहार एवं पुष्प वर्षा से स्वागत किया। इस अवसर पर अब्दुल रशीद भाई, चंपक भाई, शरद गुप्ता, राजेंद्र मलैया, प्रमोद पटेल, रमेश राजपूत, कमल जैन, राजेंद्र सोनी आदि उपस्थित थे।

## अजय धगट को मिला ईमा का प्रतिष्ठित लीजेण्ड्री लीडर ऑफट्रांसफार्मर इण्डस्ट्री अवार्ड



**सागर, देशबन्धु।** दिल्ली के सुब्रतो पार्क के मॉनेक शॉ हॉल में दमोह की पारिवारिक पृष्ठभूमि से व सागर विश्वविद्यालय से होकर निकले और जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग स्नातक अजय धगट को ईमा आईईईएम, इण्डियन इलेक्ट्रिकल्स एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफ्रेक्चर्स एसोसिएशन दिल्ली के प्रतिष्ठित लीजेण्ड्री लीडर ऑफ ट्रांसफार्मर इण्डस्ट्री अवार्ड से नवाजा गया। दमोह से स्कूली शिक्षा पूर्ण कर सन 1961 में सागर विश्वविद्यालय के ओल्ड मकरोनिया कैम्पस से प्री प्रोफेशनल इसे इन्टर भी कहा जाता था में पढ़ाई के दौरान अजय धगट को भारत सरकार की एटॉमिक इनर्जी स्कॉलरशिप मिली। 125 रुपया प्रतिमाह की यह स्कॉलरशिप उनके जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज से विद्युत इंजीनियरिंग की गोल्ड मेडल में डिग्री हासिल करने तक चलती रही। श्री धगट ने जीईसी एल्स्थॉम के एमडी पद तक सेवायें दीं। फ्रांस में इसी प्रतिष्ठित इलेक्ट्रिकल कंपनी के लिए एशिया पेसिफिक और चाइना के रीजनल हेड रहे। एल्स्थॉम कम्पनी के ग्लोबल ऑयल एण्ड गैस इण्डस्ट्रीज के मेनेजर की एकाउण्ट्स हुए। एल्स्थॉम की सेवाओं के बाद श्री धगट दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी बीआरपीएल के सीईओ और एमडी का कार्यभार सम्हाला। 1996 में श्री धगट स्वयं ईमा के अध्यक्ष चुने गए। इलेक्ट्रिकल्स एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की लगभग 500 इण्डस्ट्रीज के लिए 1948 में स्थापित एसोसिएशन भारत सरकार को ऊर्जा क्षेत्र के काम काज में सलाहकार की भूमिका भी निभाता है। भारत सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा मंत्रालय के अधीन 23,25 नवम्बर 2023 को भारत में ऊर्जा क्षेत्र के भविष्य को लेकर आयोजित कार्यक्रम में अजय धगट को सीमेन्स के सीनियर वाइस प्रेसिडेण्ट विक्रम गंडोत्रा ने उक्त प्रतिष्ठित अवार्ड सौंपा। वर्तमान में जबलपुर में निवासरत अजय धगट अपने सागर में अध्ययन काल का स्मरण करते हुए, डॉ. हरीसिंह गौर को उनकी जयंती पर श्रद्धा के साथ स्मरण करते हुए, विश्वविद्यालय के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। सागर विश्वविद्यालय के अनुशासित वातावरण के साथ यहां पढ़ाए जाने वाले विषयों के विरल और विश्वस्तरीय होने का स्मरण करते हैं।

अडानी-हिंडनबर्ग मामले पर बोला सुप्रीम कोर्ट

# रिपोर्ट को हम नहीं मान सकते सच

- अडानी-हिंडनबर्ग मामले की जांच पूरी करने के लिए और समय नहीं मांग सकता है सेबी : सुप्रीम कोर्ट
- याचिका पर सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** अडानी-हिंडनबर्ग मामले पर शुक्रवार को शीर्ष अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई पूरी करते हुए अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट को लेकर कहा कि इसे सत्य बयान के तौर पर नहीं मान सकते हैं। इसकी सच्चाई को परखने और जांचने का कोई साधन नहीं है। इसीलिए हमने सेबी को इस मामले की जांच करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि हमें हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को तथ्य के तौर पर सही मानने की जरूरत नहीं है। सेबी इस मामले की जांच कर रही है। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि सेबी अडानी-हिंडनबर्ग मामले की जांच पूरी करने के लिए और समय नहीं मांग सकता है। वहीं सुनवाई के दौरान कोर्ट ने वकील प्रशांत भूषण को हिंडनबर्ग की रिपोर्ट बेंच के सामने से पढ़ने से रोक दिया।

वहीं इससे पहले हिंडनबर्ग मामले में अडानी ग्रुप को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली थी। सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित एक्सपर्ट कमेटी को ग्रुप के खिलाफ जांच में कोई सबूत नहीं मिले थे। सुप्रीम कोर्ट की एक्सपर्ट कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि अडानी ग्रुप द्वारा शेयर की कीमत में मैनिपुलेशन के कोई सबूत नहीं मिले हैं। जांच कमेटी ने सेबी की 4 रिपोर्टस का हवाला दिया गया था।



सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र सरकार और सेबी को भविष्य में निवेशकों के नुकसान को रोकने के लिए कदम उठाने चाहिए। मुख्य कारणों में से एक जिसके कारण हमें हस्तक्षेप करना पड़ा। वह शेयर बाजार की अत्यधिक अस्थिरता है जिससे निवेशकों को नुकसान हुआ। सीजेआई की अगुवाई वाली पीठ ने मेहता से पूछा, अब, शॉर्ट सेलिंग के कारण इस तरह की अस्थिरता से बचाने के लिए सेबी क्या करना चाहती है, जिससे निवेशकों का नुकसान होता है। मेहता ने कहा कि शॉर्ट-सेलिंग से जुड़े मामलों में कानून के मुताबिक सेबी कानूनी कार्रवाई कर रही है. उन्होंने कहा कि जहां भी हमें शॉर्ट सेलिंग दिखेगी, हम कार्रवाई करेंगे और हम कार्रवाई कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर भी कड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि आप अदालत से बिना किसी सबूत के एसबीआई और एलआईसी की जांच का निर्देश देने के लिए कह रहे हैं। क्या आपको इस तरह के निर्देश के प्रभाव का एहसास है। क्या यह कॉलेज में होने वाली कोई बहस है। पक्षों को विस्तार से सुनने के बाद शीर्ष अदालत ने मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

## अब तक कुल 6 याचिकाएं दायर

मनोहर लाल शर्मा ने याचिका में हिंडनबर्ग रिसर्च के फाउंडर नाथन एंडरसन और भारत में उनके सहयोगियों के खिलाफ जांच करने और एफआईआर की मांग की थी। इसके साथ ही इस मामले में मीडिया कवरेज पर रोक की भी मांग की गई थी। विशाल तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता वाली एक कमेटी बनाकर हिंडनबर्ग रिपोर्ट की जांच की मांग की थी। तिवारी ने अपनी याचिका में लोगों के उन हालातों के बारे में बताया था जब शेयर प्राइस नीचे गिर जाते हैं। जया ठाकुर ने इस मामले में भारतीय जीवन बीमा निगम और भारतीय स्टेट बैंक की भूमिका पर संदेह जताया था। उन्होंने एलआईसी और एसबीआई की अडाणी एंटरप्राइजेज में भारी मात्रा में सार्वजनिक धन के निवेश की भूमिका की जांच की मांग की थी। मुकेश कुमार ने अपनी याचिका में सेबी, ईडी, आयकर विभाग, डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस से जांच के निर्देश देने की मांग की थी। मुकेश कुमार ने अपने वकीलों रूपेश सिंह भदौरिया और महेश प्रवीर सहाय के जरिए ये याचिका दाखिल कराई थी। एक और याचिका दायर की गई थी जिसमें याचिकाकर्ता अनामिका जायसवाल ने नई कमेटी बनाने के लिए कहा था। उन्होंने कहा था कि कमेटी में ऐसे व्यक्तियों को शामिल किया जाए, जिनकी छवि बेदाग हो और इस केस से कोई लेना-देना न हो। विशाल तिवारी ने सेबी की रिपोर्ट में देरी के कारण एक और याचिका दायर की थी। इसमें अवमानना कार्यवाही की मांग की गई थी। कहा था कि सेबी को दी गई समय सीमा के बावजूद वह अदालत के निर्देशों का पालन करने में विफल रही है।

### याचिकाकर्ता ने सेबी पर भी उठाए सवाल

याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट में सेबी की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कोर्ट से कहा कि उनके पास 2014 से ही इस मामले की पूरी जानकारी थी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि खुफिया निदेशालय ने साल 2014 में ही सेबी के साथ पूरी जानकारी साझा की थी, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। इस दौरान कोर्ट ने सवाल किया कि सेबी की जांच पर संदेह करने के लिए साक्ष्य कहां हैं? इस पर वकीलों की तरफ से कोई जवाब नहीं दिया गया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सीहोर, देवास, इंदौर में मतगणना स्थल और स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं को परखा, दी हिदायत

# कभी बिजली गुल न हो, सभी व्यवस्थाएं सुचारू रहें

**भोपाल, देशबन्धु।** आगामी 3 दिसम्बर को होने वाली मतगणना के मद्देनजर मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने आज सीहोर, देवास, इंदौर में मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंनें मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं को परखा, श्री राजन को कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना के लिए की जा रही व्यवस्थाओं और तैयारियों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया।

श्री राजन ने मतगणना के दिन विद्युत की सतत् आपूर्ति और किसी भी वजह से मतगणना प्रभावित न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री राजन ने कहा कि मतगणना स्थल पर सभी व्यवस्थाएं सुचारू तरीके से उपलब्ध रहें। मतगणना स्थल के निरीक्षण के पश्चात कलेक्ट्रेट के कोषालय के स्ट्रांग रूम का अवलोकन कर डाक मतपत्र की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ईवीएम के लिए बनाए गए वेयर हाउस का भी निरीक्षण किया तथा निर्वाचन के पश्चात ईवीएम के रखने के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

श्री राजन को सीहोर कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने मतगणना के लिए की जा रही व्यवस्थाओं और तैयारियों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। श्री राजन ने विधानसभावार बनाए गए मतगणना कक्षों में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। वहीं श्री राजन ने केन्द्रीय विद्यालय बैंक नोट प्रेस देवास में बनाए गए, कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। मतगणना स्थल परिसर में रुके हुए निर्वाचन अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों से चर्चा की तथा सीसीटीवी के माध्यम से कक्ष से ही स्ट्रांग रूम की मॉनीटरिंग संबंधी व्यवस्था को देखा। उन्होंने देवास जिले में मतगणना स्थल केंद्रीय विद्यालय, बैंक नोट प्रेस देवास में जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों के लिए होने वाली मतगणना के लिए की गई तैयारियों का जायजा लिया।



श्री राजन ने इंदौर के नेहरू स्टेडियम में मतगणना स्थल पहुंचकर तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इंदौर डॉ. इलैयाराजा टी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन को मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में अवगत कराया। श्री राजन ने इंदौर के 9 विधानसभा क्षेत्रों के लिए होने वाली मतगणना के लिए की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। विधानसभा क्षेत्रवार बनाए गए मतगणना कक्षों में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही डाक मतपत्रों की गणना के लिए की जा रही व्यवस्थाओं को भी देखा। उन्होंने मतगणना टेबलों, मतगणना कार्य में संलग्न अमले की संख्या, सुरक्षा व्यवस्था, डाक मतपत्रों की संख्या आदि के बारे में जानकारी ली। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। श्री राजन ने मतगणना स्थल पर स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी के लिए बनाई गई व्यवस्था को देखा। मतगणना स्थल परिसर में स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए मौजूद अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों से चर्चा भी की। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त इंदौर मालसिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### डाक मतपत्र से शुरू होगी वोटों की गिनती

विधानसभा चुनाव की मतगणना 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गिनती के साथ शुरू होगी। इसके पहले सुबह 8.30 बजे से ईवीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ होगी।

## ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मिशेल मार्श के खिलाफ मामला दर्ज

**अलीगढ़, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिशेल मार्श के हाथों में बियर और पैर के नीचे विश्व कप ट्रॉफी रखे जाने से आहत होकर एक आरटीआई कार्यकर्ता ने थाने में तहरीर दी है. जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि मिशेल मार्श ने ट्रॉफी पर पैर रखकर उसका अपमान किया है।

## आम सूचना

फर्म मेसर्स श्री ग्रुप, 5 सिविल लाईन, तहसील व जिला सागर (म.प्र.) 470002 जो कि कार्यालय असिस्टेंट रजिस्ट्रार, फर्म एवं सोसायटी में रजिस्ट्रेशन क मांक 06/09/01/00156/13 वर्ष 2012-13 फर्म में रजिस्टर्ड है तथा दिनांक 11.02.2013 को फर्म की रजिस्ट्री की अभिस्वीकृति की गई है, जिसमें निम्नलिखित पार्टनर हैः-

(1) अवधनारायण यादव पिता कमल सिंह यादव, (2) रानेश पिता सुरेश कुमार ओमरे, (3) राघवेन्द्र पिता राजेन्द्र सिंह चौहान, (4) श्यामजी सैनी पिता पी.डी. सैनी (5) भूपेन्द्र पिता रघुवीर सिंह राजपूत, (6) शैलेन्द्र पुत्र नरेन्द्र कुमार पाठक, (7) सुरेन्द्र पुत्र इन्द्र सिंह राजपूत।

उपरोक्त पंजीयन फर्म की रचना में परिवर्तन कर पुनः पुनर्गठित करने की प्रक्रियात्मक कार्यवाही चल रही है, पुनर्गठन के अंतर्गत उपरोक्त सात (7) भागीदारों में से

**निम्न पांच (5) भागीदार रिटायर एवं अलग हो रहे हैः-**

(3) राघवेन्द्र चौहान पिता राजेन्द्र सिंह चौहान, (4) श्यामजी सैनी पिता पी.डी. सैनी, (5) भूपेन्द्र राजपूत पिता रघुवीर सिंह राजपूत, (6) शैलेन्द्र पाठक पिता नरेन्द्र कुमार पाठक, (7) सुरेन्द्र राजपूत पिता इन्द्रसिंह राजपूत। उपरोक्त पांचों भागीदार स्वेच्छा तथा सर्वसम्मति से फर्म से रिटायर एवं अलग हो रहे हैं,

भागीदारी फर्म में पूर्व ही की तरह

**यह दो (2) भागीदार यथावत् बने एवं जारी रहेंगे।**

(1)अवधनारायण यादव पिता कमल सिंह यादव, (2) रानेश ओमरे पिता सुरेश कुमार ओमरे

उपरोक्त परिवर्तनों को सामान्य जन के संज्ञान में लाने के लिए यह संशोधित विवरण जारी किया जा रहा है। किसी भी व्यक्तिए फर्म, संस्था या उपरोक्त फर्म के भागीदार को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। सार्वजनिक सूचना के लिए सभी को सूचित किया जाता है।

**दिनांक**
**25/11/2023**

**मेसर्स श्री ग्रुप्र**
**रानेश ओमरे**
**भागीदार**
**05, सिविल लाइन, सागर (म.प्र.)**

### शहर परिक्रमा: जिला प्रशासन की अनदेखी से सड़कों का हाल बेहाल, मरम्मत का है राहगीरों को इंतजार

# कहीं गड्ढों पर सड़कें, तो कहीं सड़कों पर है गड्ढे, संभलकर चलना बड्ढे





**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर की सड़कों का हाल इस कदर बेहाल हो गया है कि अब यहां लोगों का निकलना मुश्किल होने लगा है। कहीं सड़कों के बीच गड्ढे, तो कहीं गड्ढों के बीच सड़के नजर आने लगी हैं। यहां यातायात व्यवस्था इस कदर दम तोड़ चुकी है कि यहां ऐ भाई जरा देख के...ऐ वो गिरा...काय भैया मरने है का..., काय फूटी है का...जैसे अल्फाज जहां-तहां सुनाई देने लगे हैं। शराब के नशे में बिना नंबर टैक्सियां चलाने वाले गली-चौराहों पर गाली-गलौज करते नजर आने लगे हैं। और तो और कोतवाली से संयुक्त कार्यालय मार्ग पर ही बढ़ी संख्या में बिना नंबर टैक्सियों और दो पहिया वाहनों की भरमार बनी हुई है। पुलिस प्रशासन और परिवहन विभाग की कुंभकर्णी नींद ने राहगीरों की परेशानियों को बढ़ा दिया है। सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं, जिनमें पानी भी भरा रहता है। यह गड्ढे आए दिन हादसों को अंजाम देने में लगे हैं। परिवहन विभाग का आलम तो यह है कि इस विभाग की कार्यशैली पर ही लंबे समय से सवाल उठाए जाते रहे हैं। यहां पानी की टंकी से घंटाघर की ओर आने वाले ललितपुर मार्ग की हालत बद् से बद्त्तर बनी हुई है। शिवम् ने कहा है कि यहां आए दिन हादसे होते आ रहे हैं। यहां बनें गहरे गड्ढें पानी से भरे रहते हैं, जिस कारण लोगों को हादसों का शिकार होना पड़ रहा है। कुलदीप यादव निवासी मामौन दरवाजा का कहना है कि यहां अब तक सड़कों पर संकेत तक नहीं बने हैं और यहां के गड्ढों को भी नहीं भरा जा रहा है। गुड्डू बुंदेला निवासी खादी आश्रम का कहना है कि यहां से जाने वाले मुख्य मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं। जिस कारण से आए दिन दो पहिया वाहन चालकों को हादसों का शिकार होना पड़ रहा है। इस मार्ग पर दोनों ओर सड़के उखड़ चुकी हैं। यातायात एवं प्रशासनिक अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से बेखबर बने हुए हैं। वाहनों की बेशुमार आवाजाही और संकीर्ण मार्गों पर लगते जाम ने शहर की तस्वीर ही बदल दी है। शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था को सुधारने में अब तक प्रशासन को सफलता नहीं मिल सकी है। बदहाल सड़कों और जगह-जगह बने गड्ढों के कारण भी राहगीरों को आए दिन हादसों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबन्ध में सुधीर ने बताया कि यहां मुख्य बाजार कटरा, नजाई बाजार, स्टेट बैंक चौराहा एवं सैलसागर इलाके में अधिकांश जाम लगा रहता है। यहां कटरा में मनमाने तरीके से खड़े फल विक्रेताओं एवं ठेलों के कारण राहगीर जहां परेशान हैं, तो वहीं सड़कों पर लगने वाली दुकानों ने लोगों का निकलना मुश्किल कर दिया है। चौराहे को संकीर्ण कर दिए जाने के कारण यहां आए दिन हादसे होने लगे हैं और दुकानदारों ने भी सड़कों पर सामान रखना शुरू कर दिया है। सड़कों पर बने गड्ढे और अतिक्रमण के कारण यहां यातायात व्यवस्था चौपट बनी हुई है। सुधार के इंतजाम न किए जाने को लेकर लोगों में नाराजगी बनी हुई है। इसी प्रकार केवल रैकवार निवासी मामौन दरवाजा ने कहा कि जानकीबाग से जिला अस्पताल की ओर जाने वाले मार्ग पर भी गड्डे बने हुए हैं। इसके अलावा डिवाईडर क्षतिग्रस्त बना हुआ है। इसी प्रकार प्रधानपुरा की ओर जाने वाले मार्ग की हालत खस्ता बनी हुई है। यहां चैम्बर निकला हुआ है, जिस कारण हादसे होते आ रहे हैं। नजाई मंडी रोड पर दुकानदारों ने अवैध कब्जा कर रखा है। यहां दुकानदारों ने सड़कों पर कब्जा अवैध रूप से कब्जा करना शुरू कर दिया है। जिला मुख्यालय पर ही शहर में यातायात व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह से दम तोड़ चुकी है। दरअसल, शहर के कटरा बाजार, स्टेट बैंक चौराहा, पपौरा चौराहा, सैल सागर, नजाई बाजार सहित अन्य इलाकों में बनी सब्जी मंडी, फुटकर गल्ला मंडी के चलते सुबह से ही लोगों का आवागमन शुरू हो जाता है। नजाई बाजार के मुख्य दरवाजे के अलावा कटरा बाजार, स्टेट बैंक पर ही बड़ी संख्या में फलों के ठेले और फुटकर दुकानदार सड़क किनारे बैठ जाते हैं। जिससे दोपहिया वाहन चालकों को आने जाने के लिए जगह नहीं मिलती। फुटकर गल्ला मंडी के चलते आसपास के किसान अनाज बेचने के लिए टैक्सियां लेकर आते हैं।



### टैक्सी स्टेंड में तब्दील होते नगर के चौराहे-

सुविधा शुल्क और सांठगांठ के प्रभाव में यहां यातायात व्यवस्था दम तोड़ती नजर आने लगी है। यहां एक ओर जहां परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की लापरवाही और मनमानी देखने को मिल रही है, वहीं दूसरी ओर नगर पालिका का रवैया भी उदासीन बना हुआ है। कहा जा रहा है कि शहर के मुख्य बाजार में दुकानदार सड़क पर अतिक्रमण करते जा रहे हैं। फल सब्जी के ठेले और फुटकर दुकानदारों के चलते 20 फीट चौड़ी सड़क सिमटकर 10 फीट रह जाती है। जिससे दोपहिया वाहन चालकों का निकलना दूभर है। नगर के चौराहे ही अब टैक्सी स्टेंड के रूप में तब्दील हो चुके हैं। पपौरा चौराहे पर अब तक हुए तमाम हादसों के बाद भी यहां के अघोषित टैक्सी स्टेंड को नहीं हटाया जा सका है। चौराहा पर बढ़ी संख्या में टैक्सियों को रूकना अब तक कम नहीं हुआ है।

### गायब हो चुके शहर के फुटपाथ

गांधी चौराहा पर बने फुटपाथ पर दुकानदारों ने कब्जा कर रखा है। यहां से स्टेट बैंक तक बने इस फुटपाथ पर दुकानदारों ने अपना सामान जमा लिया है। इतना ही नहीं इसके अलावा सड़कों पर भी सामना जमा रहता है। शहर की दशा सुधारने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने अब तक जहमत तक नहीं उठाई है। शहर में निकलने वाले पैदल यात्रियों को हादसों से बचाने के लिए फुटपाथ बनाए गए थे, जो पूरी तरह से दुकानदारों के कब्जे में हैं। इन फुटपाथों पर दुकानदारों ने टीन शेड बनाकर अपनी दुकानों को चौड़ा कर लिया है। नगर पालिका अधिकारियों की मौन स्वीकृति और पुलिस प्रशासन व नगर प्रशासन द्वारा पिछले कई सालों से इन फुटपाथों को अतिक्रमण से मुक्त नहीं कराया जा सका है। ईदगाह मार्केट एवं गांधी चौराहा पर बनें फुटपाथ अब दुकानदारों के कब्जे में हैं। इन पर पैदल निकलने वालों के लिए कोई जगह नहीं है।

# युवक का शव पेड़ पर झूलता मिला, गांव में फैली सनसनी

- परिजनों ने कहा युवक का एक दिन पहले हुआ था विवाद
- पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फिरोजपुरा खास में शनिवार को 19 वर्षीय युवक का शव महुआ के पेड़ पर झूलता हुआ पाया गया। इस घटना से गांव सहित क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर दिगौड़ा पुलिस व फ रेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर मर्ग कायम किया व शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह करीब 9 बजे ग्राम फ़िरोजपुरा खास में हनुमान जी मंदिर के पास तालाब के किनारे महुआ के पेड़ पर रोहित केवट पिता मुन्ना केवट उम्र 19 वर्ष फांसी के फंदे पर झूलता हुआ पाया गया। दिगौड़ा पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके पर जाकर जांच की गई। पुलिस ने पंचनामा बनाकर मर्ग कायम किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के लिए भेजा गया। मृतक के परिवार वालों का कहना है कि इस घटना के एक दिन पहले मृतक रोहित केवट का मोहल्ला के लोगों से मोबाइल को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कंपनी कमांडर ने अस्पताल में जरूरतमंद बच्चे को रक्तदान किया



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिला अस्पताल में साढ़े चार साल का अवि नाम का बच्चा भर्ती था। जिसके लिए ओ पॉजीटिव ब्लड ग्रुप की जरूरत थी। यह जानकारी जैसे ही सोशल मीडिया से 29वीं वाहिनी दतिया के कंपनी कमांडर शिवेंद्र त्रिवेदी को लगी तो उन्होंने तत्काल ब्लड बैंक प्रभारी डॉ विकास जैन से संपर्क किया और जरूरतमंद बच्चे के लिए अस्पताल पहुंचकर ब्लड डोनेट किया। कंपनी कमांडर त्रिवेदी 39 साल की उम्र में अब तक 17 बार रक्तदान कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। इसलिए जब भी जरूरतमंदों के लिए रक्तदान करने का मौका मिलता हैए वह सबसे पहले पहुंचकर रक्तदान करते हैं। इन दिनों त्रिवेदी टीकमगढ़ में पदस्थ हैं।

# रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गये एडीओ को 4 वर्ष का सश्रम कारावास



## सहयोगी को भी 3 वर्ष का कारावास

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम टीकमगढ़ मनोज कुमार ने यहां रिश्वत कांड के एक मामले की सुनवाई करते हुए एडीओ को चार साल का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। मामले की पैरवी संदीप सरावगी, विशेष लोक अभियोजक पीसी एक्ट, टीकमगढ़ ने की। श्री मनोज कुमार ने जिन दो आरोपियों को सजा सुनाई है उनमें चतुर्भुज अहिरवार, सहायक विकास विस्तार अधिकारी, जनपद पंचायत बल्देवगढ़ जिला टीकमगढ़ एवं विनोद नायक पिता रामेश्वर प्रसाद नायक, उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम पोस्ट देरी जिला टीकमगढ़ के नाम शामिल हैं। उक्त मामले में जानकारी देते पैरवीकर्ता विशेष लोक अभियोजक संदीप सरावगी ने बताया कि मामला लोकायुक्त का होकर विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम मनोज कुमार के न्यायालय में विचाराधीन था। उक्त प्रकरण में न्यायालीय द्वारा निर्णय पारित करते हुए आरोपी चतुर्भज अहिरवार को रिश्वत मांगने व लेने के अपराध में दोष सिद्ध ठहराते हुए धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के अपराध में क्रमश: 04 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5 हजार रूपये के अर्थ दण्ड एवं सह आरोपी विनोद नायक को रिश्वत लेने के अपराध में सहयोगी पाते हुये धारा 12 में 03 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

घटना के बारे में दी गई जानकारी में बताया गया है कि प्रकरण में फरियादी आवेदक राम किशन यादव पिता पल्टू यादव ने 04 नवम्बर 2015 को लोकायुक्त कार्यालय सागर में एक शिकायत आवेदन इस आशय का प्रस्तुत किया कि आवेदक ने कुटीर आवास योजना के अंतर्गत लोन लेने के लिए जनपद पंचायत बल्देवगढ़ में एडीओ चतुर्भुज अहिरवार को अपना फॉर्म जमा किया था, फॉर्म जमा करते समय आरोपी चतुर्भुज अहिरवार ने आवेदक से 10 हजार रूपये ले लिये थे और लोन प्रकरण के संबंध में 10 हजार रूपये की ओर मांग की थी। जिसकी शिकायत आवेदक ने पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त कार्यालय सागर के समक्ष की थी। लोकायुक्त पुलिस के द्वारा आवेदक को मांगवार्ता रिकॉर्ड करने हेतु एक रिकॉर्डर दिया था। आवेदक द्वारा आरोपी चतुर्भुज अहिरवार से रिश्वत मांगवार्ता रिकॉर्डर में रिकार्ड कर ली गई थी, जिसमें आरोपी चतुर्भुज 2 हजार रूपये लेने के लिए तैयार हो गया था। आरोपी के द्वारा रिश्वत मांगे जाने की पुष्टि के उपरांत लोकायुक्त के द्वारा ट्रेपदल का गठन किया गया था । दिनांक 18 नवम्बर 2015 को ट्रेप दल लोकायुक्त संगठन सागर से बल्देवगढ़ आया था । जब आवेदक के द्वारा आरोपी चतुर्भुज अहिरवार को उसके कार्यालय में जाकर रिश्वत राशि के 2 हजार रूपये दिये गये थे, तो आरोपी चतुर्भुज ने उक्त रिश्वत राशि पास में खड़े हुये सह आरोपी विनोद नायक को दे दी थी । आवेदक के द्वारा इशारा पाते हुये लोकायुक्त दल के द्वारा आरोपी चतुर्भुज अहिरवार और आरोपी विनोद नायक को घेर लिया था एवं आरोपी विनोद नायक से लोकायुक्त दल ने रिश्वत राशि भी जप्त की थी। आरोपी चतुर्भुज एवं आरोपी विनोद नायक के हाथों को धुलवाये जाने पर उनके हाथों का रंग भी गुलाबी हो गया था । लोकायुक्त के द्वारा संपूर्ण कार्यवाही उपरांत दोनों आरोपीगण के विरूद्ध न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। उक्त प्रकरण में समस्त साक्षीगण के परीक्षण उपरांत विशेष लोक अभियोजक संदीप सरावगी के तर्कों से संतुष्ट होते हुये विशेष न्यायालय द्वारा आरोपी चतुर्भज अहिरवार को रिश्वत मांगने व लेने के अपराध में दोषसिद्ध ठहराते हुए धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के अपराध में क्रमश: 04 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5 हजार रूपये के अर्थदण्ड एवं सह आरोपी विनोद नायक को रिश्वत लेने के अपराध में सहयोगी पाते हुये धारा 12 में 03 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## उत्कृष्ट विद्यालय में छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों के प्रति किया जागरुक



**टीकमगढ़,देशबन्धु।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संपूर्ण प्रदेश में सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम 10 जनवरी तक संचालित किया गया है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में जिले में भी सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसीक्रम में शनिवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रोहित कटरे के मार्गदर्शन में तथा थाना यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक कैलाश पटेल के नेतृत्व में थाना यातायात द्वारा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 के छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों के विषय में प्रेजेंटेशन के माध्यम से अवगत कराया जाकर यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया।

### राज्य स्तर पर भोपाल में करेंगे अपनी कला का प्रदर्शन

# संभाग स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में सगरवारा कुंडेश्वर के बच्चों ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सागर में आयोजित संभाग स्तरीय बालरांग प्रतियोगिता 2023 में टीकमगढ़ जिले के शा.मा.शाला सगरवारा के बच्चों ने लोक नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त करके जिले का नाम रोशन किया है। शा.मा.शाला सगरवारा के बच्चों की इस उपलब्धि पर कलेक्टर अवधेश शर्मा, एसपी रोहित काशवानी, जिला शिक्षा अधिकारी सहित विद्यालय के षिक्षकों तथा बच्चों के परिवारजनों ने शुभकामनायें दी। शा.मा.शाला सगरवारा शाला प्रभारी प्रमोद नापित ने बताया की विद्यालय में पदस्थ शिक्षक पुरुषोत्तम यादव एवं प्रकाश चढ़ार के सहयोग सागर में आयोजित संभाग स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष सगरवारा शाला के बच्चों ने वालरंग प्रतियोगिता 2022 में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करके टीकमगढ़ जिले सहित संभाग का नाम रोशन किया था, इस उपलब्धि पर तत्कालीन कलेक्टर ने सभी बच्चों को कार्यालय में बुलाकर पुरस्कृत कर आशीर्वाद दिया था। श्री नापित ने बताया कि इस बर्ष फिर से राज्य स्तर के लिये शाला के बच्चों का चयन हुआ हैं, जिसमें योगा में शाला की छात्रा कु. माही ठाकुर राज्य स्तर के लिए चयनित हुई हैं। आगामी 22 दिसंबर 2023 को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में लोकनृत्य एवं योगा का प्रदर्शन करेंगे। इस बार सगरवारा विद्यालय प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करता है, तो यह विद्यालय लगातार दूसरी बार उपलब्धि पाने वाला मध्यप्रदेश का पहला विद्यालय हो जायेगा।

### मतगणना हेतु नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण आयोजित

# प्रशिक्षण ठीक से लें, जिससे मतगणना में नहीं हो किसी प्रकार की त्रुटिः शर्मा

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा की अध्यक्षता में शासकीय कृषि महाविद्यालय टीकमगढ़ में विधानसभा की ईव्हीएम एवं पोस्टल वेलेट की मतगणना कार्य हेतु गठित दलों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। इस दौरान ईव्हीएम की मतगणना हेतु नियुक्त 246 मतगणना पर्यवेक्षक/मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर एवं पोस्ट वेलेट की मतगणना हेतु नियुक्त 56 मतगणना पर्यवेक्षक/मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शर्मा द्वारा प्रशिक्षण में मतगणना के प्रमुख बिंदुओं पर स्वयं निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मतदान करवाना एक महत्वपूर्ण कार्य है, उसी प्रकार मतगणना का कार्य भी महत्वपूर्ण है, जिसमें अत्यधिक सावधानी की आवश्यकता है। अत: आप सभी गुणवत्ता पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त करें, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटी की संभावना नही रहे। सभी अपने कार्यो को अच्छी तरह समझ ले एवं अपने कार्य से सम्बंधित किसी भी प्रकार का संदेह ना रखे। इस दौरान राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ आजाद अहमद मंसूरी, डॉ हरिमोहन राय, डॉ आर के जैन द्वारा डाक मतपत्र मतगणना माइक्रो आब्जर्वर, डाक मतपत्र मतगणना सहायक (02), डाक मतपत्र मतगणना सहायक (01), डाक मतपत्र मतगणना सुपरवाईज़र, ईवीएम हेतु मतगणना माइक्रो आब्जर्वर, ईवीएम हेतु मतगणना सहायक एवं ईवीएम हेतु सुपर वाईज़र को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर तीनों विधानसभाओं के रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटेनिंग ऑफिसर, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर, सहायक संचालक अविनाश पाठक, मतगणना के नोडल अधिकारी आरके पस्तोर उपस्थित रहे। प्रशिक्षण की सम्पूर्ण व्यवस्था सहायक नोडल अधिकारी जिला परियोजना समन्वयक पीआर त्रिपाठी तथा सहायक परियोजना समन्वयक शैलेष श्रीवास्तव द्वारा की गई। ज्ञातव्य है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले की तीनों विधानसभा हेतु मतगणना का कार्य 3 दिसम्बर को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय टीकमगढ़ में किया जाएगा।



एक साल पहले के मामले में न्यायालय ने सुनाया फैसला

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

**पन्ना, देशबन्धु।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को विशेष न्यायधीश महेश मंगोदिया की न्यायालय ने बीस वर्ष के कठोर कारावास से दण्डित किया है। जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के मीडिया प्रभारी सहा. जि. लोक अभि. अधि. ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना इस प्रकार है कि फरियादिया ने थाना में उपस्थित होकर इस आशय का आवेदन पेश किया कि वह बचपन से ही अपने नाना-नानी के घर पर रहती है।

घटना दिनांक 12 सितम्बर 2022 को करीब रात 8 बजे की है मैं और नाना-नानी खाना खाकर नाना-नानी बाहर सोने चले गये, मैं अंदर कमरे में अकेली बिस्तर में लेटी मोबाईल चला रही थी। तभी मुझे दरवाजे की खुलने की आवाज आई, मुझे लगा नाना है तब मैंने ध्यान नहीं दिया, फिर अचानक पुष्पेन्द्र केवट मेरे पास आया। मैं देखकर डर के मारे चिल्लाने लगी उसने मेरा मुंह दबा लिया और मेरे कपड़े उतारने की कोशिश करने लगा मैं हाथ पैर चलाने लगी तो मेरे दोनो हाथ पकड़ लिये और पेन्ट उतारकर मेरे साथ जबरदस्ती गलत काम करने लगा। मैं रोने लगी तो वह जाने लगा और बोला कि तुमने किसी को बताया तो मैं तुम्हें जान से खत्म कर दूंगा। डर के कारण यह बात किसी को नहीं बतायी और घर में डरी-डरी सी रहती थी। दिनाक 21 सितम्बर 2022 को मेरे नाना व नानी ने पूछा क्या बात है तब मैने अपने नाना-नानी को सारी घटना बताई और उनके साथ आज थाना पर रिपोर्ट करने आई हूं। रिपोर्ट करती हूं। कार्यवाही की जाये। फरियादिया के उक्त आवेदन पत्र पर थाना अजयगढ़ में अभियुक्त के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया दौरान विवेचना घटना स्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया, अभियोक्त्री के कथन लेखबद्ध किये गये। आरोपी पुष्पेन्द्र केवट पिता रामकुमार केवट उम्र 18 साल निवासी थाना अजयगढ जिला पन्ना मप्र के विरूद्ध अपराध सिद्ध पाये जाने पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण की विवेचना रामगोपाल द्विवेदी उप निरीक्षक द्वारा की गयी। न्यायालय महेन्द्र मंगोदिया, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश पन्ना के न्यायालय में प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी जिला लोक अभियोजन अधिकारी संदीप कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में विशेष लोक अभियोजक वरिष्ठ सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी दिनेश खरे द्वारा की गयी। अभियोजन द्वारा साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी पुष्पेन्द्र केवट के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी के कृत्य को गंभीरतम श्रेणी का मानते हुये कठोर से कठोरतम दंड से दंडित किया जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से सहमत होते हुए न्यायालय महेन्द्र मंगोदिया द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश पन्ना की न्यायालय द्वारा आरोपी पुष्पेन्द्र केवट पिता रामकुमार केवट उम्र 18 साल निवासी थाना अजयगढ जिला पन्ना मप्र को धारा. 450 भादसं में 5 वर्ष का सश्रम कारावास व 100 रूपए का अर्थदण्ड एवं धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 100-100 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# अज्ञात कारणों के चलते महिला की मौत



**दमोह देशबन्धु।** जिले के केरबना चौकी क्षेत्र के मुहली गांव में अज्ञात कारणों के चलते 20 वर्षीय महिला की मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार मृतिका जानकी पति भैयाराम लोधी निवासी मुहली को शनिवार को गंभीर हालत में उसके परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां परं डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं भाई सुरेंद्र लोधी ने मृतिका के पति पर परेशान करने के आरोप लगाए है। भाई ने बताया कि शनिवार सुबह मेरी बहन के पति ने घर पर फोन करके कहा कि अपनी बहन को ले जाएं। हमने बहन से बात कराने के लिए कहा, तो उन्होंने बात नहीं कराई और फोन काट दिया। जब दोपहर में हम ससुराल पहुंचे तो देखा कि हमारी बहन उल्टियां कर रही थी और उसका स्वास्थ्य काफी बिगड़ा हुआ था। इसके बाद हम उसे जिला अस्पताल लेकर जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने मार्ग कम कर लिया है। मामले की जांच की जा रही हैं।

# ज्ञानचंद श्रीवास्तव महाविद्यालय में टीबी जांच शिविर का हुआ आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सरोजिनी जेम्स बेक के मार्गदर्शन में ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में टीबी स्क्रीनिंग जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर के.पी. अहिरवार, प्रोफेसर डॉक्टर मीरा माधुरी महंत, प्रोफेसर डॉक्टर आलोक कुमार जैन, धीरज जॉनसन की गरिमामयी उपस्थिति में डीटीओ डॉक्टर गौरव जैन, डीपीसी दीपक सिंह राजपूत एवं दीपक फाउंडेशन के डीपीएम मनीष खरे के द्वारा उपस्थित महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की टीबी एवं एचआईवी स्क्रीनिंग की गई एवं राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत मिशन 2025 तक टीबी के उन्मूलन हेतु सभी से सामुदायिक सहयोग की अपेक्षा की गई, टीबी स्क्रीनिंग एवं एचआईवी स्क्रीनिंग जांच शिविर में एसटीआई परामर्शदाता दिनेश कुमार असाटी, टी. आई. काउंसलर सलमान खान उपस्थित रहे, टीबी स्क्रीनिंग जांच शिविर में 84 छात्र-छात्राओं की टीबी स्क्रीनिंग एवं एचआईवी स्क्रीनिंग की गई, शंकालु क्षय लक्षण के आधार पर 12 छात्र-छात्राओं से स्पुटम सैंपल कलेक्ट किया गया, शिविर को सफल बनाने में लैब टेक्नीशियन राखी ताम्रकार एवं पुष्पेंद्र अहिरवार की उपस्थिति रही, कार्यक्रम का आभार महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉक्टर मीरा माधुरी महंत ने माना।

# जंगली सुअर का शिकार करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार, 3 फरार



**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना जिले के उत्तर वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र अजयगढ़ के वन अमले के द्वारा मुखबिर की सूचना पर शांति नगर अजयगढ़ के एक रिहायसी मकान में छापा मारकर जंगली सूअर के मांस सहित 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। लगभग 3 आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं। घटना के संबंध में बताया गया है कि मुखबिर के द्वारा वन परिक्षेत्राधिकार अजयगढ़ को सूचना दी गई थी कि कुछ लोगों के द्वारा रात्रि में जंगली सुअर का शिकार किया गया है जो शांति नगर के घर में मांस को पका रहे हैं।

डीएफओ के निर्देश एसडीओ के मार्गदर्शन एवं रेंजर के नेतृत्व में वन विभाग की टीम के द्वारा घेराबंदी कर छापामार कार्रवाई की गई जिसमें घर के अंदर जंगली सुअर का 3 किलो पका मांस और 10 किलो कच्चा मांस एक सागौन की बुंगी, एक मोटरसाइकिल और मास काटने में प्रयुक्त बाला मिला है। घर के पीछे भी मांस के टुकड़े पड़े मिले हैं। इस वारदात में लगभग तीन अन्य आरोपी भी शामिल बताए गए हैं जिनकी तलाश जारी है।

# पार्श्वनाथ दिगंबर जैन सिंघई मंदिर में चल रहा सिद्धचक्र महामंडल विधान



**दमोह देशबन्धु।** श्री देव पार्श्वनाथ दिगंबर जैन सिंघई मंदिर दमोह में चल रहे श्री 1008सिद्धचक्र महामंडल विधान के छटवां भगवान के दिन 256 गुणों के साथ संपन्न हुई। उक्त जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी से अरविंद जैन ने बताया कि परम् पूज्य उपाध्याय परमेष्टि मुनि श्री विश्रुतसागर जी महाराज सासंध के सानिध्य में पंडित सुरेश जैन के निर्देशन में यह नवां आयोजन है जो प्रतिवर्ष कार्तिक माह की अष्टानिका महापर्व पर किया जाता है इस अवसर पर मुनि श्री विश्रुतसागर जी महाराज ने बताया कि इस विधान का अपने आप में बहुत महत्व है उन्होंने कहा भगवान की पूजा भक्ति भक्त को भी भगवान बना देती है मेना सुंदरी का विवाह श्रीपाल के साथ हुआ था वह श्रीपाल जो अपने सात सौ मित्रों के साथ राज्य का त्याग कर जंगलों में निवास कर रहे थे क्योंकि उन्हें कुष्ठ रोग हो गया था और देखो भगवान की भक्ति का प्रमाण इसी सिद्धचक्र की आराधना का प्रभाव मेना सुंदरी ने यंत्र अभिषेक के जल पूरी भक्ति और भगवान पर आस्था रखते हुए कुष्ठ ग्रस्त श्रीपाल सहित सभी 700 कुष्ठ रोगियों पर सिंचन किया यहां भक्ति की प्रभावना है कि श्रीपाल अपने पूरे मित्रों के साथ कुष्ठ रोग से मुक्ति मिल गई थी। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुधीर सिंघई महामंत्री राजेश ओशो कोषाध्यक्ष राजेश जैन लेखनी देखनी ने पूज्य मुनि संघ को श्री फल समर्पित किया एवं इस विधान के सौधर्म इंद्र जिनेन्द्र कुमार जैन इस विधान के कुबेर सुरेन्द्र सराफ एवं महायज्ञ नायक संतोष सिंघई ने पूज्य मुनि श्री विश्रुतसागर जी महाराज का पादप्रच्छालन किया इस अवसर पर सबन जैन सिल्वर, दिलेश जैन चौधरी,विनय चौधरी, नागेंद्र विद्धारथी, आशीष उस्ताद, अभिषेक सिंघई सुनील सिंघई जिनेन्द्र उस्ताद, नीलेश चौधरी सहित बड़ी संख्या में श्रावकों की उपस्थिति रही।

# कलेक्टर ने रतनपुरा और जसवंतपुरा विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने अमानगंज क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक शाला रतनपुरा और शासकीय हाईस्कूल जसवंतपुरा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों से शैक्षणिक और पाठ्येत्तर गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही विद्यार्थियों का विषय और भाषा ज्ञान भी परखा। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि अध्ययन के दौरान विषय संबंधित किसी समस्या पर शिक्षकों से मार्गदर्शन प्राप्त करें। परीक्षा की तैयारी और बेहतर परिणाम के लिए रुचि और आत्मविश्वास के साथ अध्ययन जरूरी है। इस अवसर पर जिला कलेक्टर द्वारा वार्षिक परीक्षा के मद्देनजर पाठ्यक्रम व रिवीजन, शैक्षणिक सत्र में परीक्षा परिणाम, खेल गतिविधियों की जानकारी भी ली गई। साथ ही एकेडमिक परीक्षा के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के टिप्स भी दिए। विद्यार्थियों से स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। विद्यालय भवन परिसर का अवलोकन कर स्कूल के शिक्षकों से विद्यार्थियों की उपस्थिति और शैक्षणिक गतिविधियों में सहभागिता के संबंध में जानकारी लेकर जरूरी निर्देश भी दिए।

## मतगणना कर्मियों का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न



दमोह देशबन्धु। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत दमोह जिले की विधानसभा 54-पथरिया, 55- दमोह, 56-जबेरा एवं 57-हटा में लगने वाले मतगणना कर्मियों का प्रथम रेंडमाइजेशन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल की उपस्थिति में कार्यालय कलेक्ट्रेट एनआईसी कक्ष में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम विशेष रूप से मौजूद रही।

## पृथ्वी परिक्रमा के लिए पन्ना पहुंच रहे हजारों श्रद्धालु

**पन्ना, देशबन्धु।** मंदिरों की नगरी पन्ना में सोमवार 27 नवंबर को पूरे दिन पृथ्वी परिक्रमा की धूम रहेगी। इस धार्मिक आयोजन में शिरकत करने देश के कोने-कोने से आये हजारों श्रद्धालुओं पन्ना पहुंचने लगे हैं। जो यहां पर पूरे भक्ति भाव और उत्साह के साथ पृथ्वी परिक्रमा में भाग लेंगे। वही इस धार्मिक आयोजन मे आसपास के जिलों के दुकानदार आकर अपनी दुकान लगाते हैं। इन दुकानों में धार्मिक सामग्री से लेकर घर गृहस्ती का सामान और कपड़े साड़ियां भी मिलती हैं। जो दुकानदार दो तीन दिन पहले से ही आना शुरू हो गए और अपनी अपनी दुकानें सजानी शुरू कर दी हैं। लगभग 400 बरसों से चली आ रही है यह परंपरा मालूम हो कि प्रकृति के निकट रहने तथा विश्व कल्याण व साम्प्रदायिक सद्भाव की सीख देने वाली इस अनूठी परम्परा को प्रणामी संप्रदाय के प्रणेता महामति श्री प्राणनाथ जी ने आज से लगभग 400 साल पहले शुरू किया था, जो आज भी अनवरत् जारी है। इस परम्परा का अनुकरण करने वालों का मानना है कि पृथ्वी परिक्रमा से उनको सुखद अनुभूति तथा शान्ति मिलती है। महामति श्री प्राणनाथ जी मंदिर पन्ना के पुजारी देवकरण त्रिपाठी ने बताया कि पवित्र नगरी पन्ना में कार्तिक पूर्णिमा को हजारों की संख्या में देश के कोने-कोने से आये सुंदरसाथ व स्थानीय जनों द्वारा पृथ्वी परिक्रमा में शामिल होकर धर्मलाभ उठाते है। उन्होंने बताया कि कार्तिक शुक्ल की पूर्णमासी पर प्रातः 6 बजे से चारों मंदिरों की परिक्रमा के साथ पृथ्वी परिक्रमा का शुभारंभ हुआ। प्रणामी संप्रदाय की इस अनूठी परंपरा के बारे में पं. दीपक शर्मा बताते हैं कि श्री प्राणनाथ जी मंदिर से पृथ्वी परिक्रमा की शुरुवात सुबह 6 बजे से हो जाती है जो देर रात्रि तक चलती रहती है। जहां से परिक्रमा शुरू होता है वह वही आकर समाप्त होता है।

## ग्राम पंचायतों में राशि न मिलने से सामुदायिक भवन निर्माण अधूरे

**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली कई ग्राम पंचायतों में पिछले पंचवर्षीय में स्टांप ड्यूटी व अन्य मद से स्वीकृत सामुदायिक भवन निर्माण कार्य शासन द्वारा राशि नही दिए जाने के कारण अधूरे पड़े जर्जर हालत में हो रहें हैं लेकिन विभाग द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है पिछले सरपंच के कार्यकाल खत्म हो गयें नवनिर्वाचित सरपंच के कार्यकाल को एक वर्ष होने वाला है पर अभी तक पिछले सामुदायिक भवन निर्माण पूर्ण नही हो पा रहे हैं किसी किसी पंचायत में 3 लाख की पहली किस्त तो किसी को 6 लाख रुपए की राशि मिली जबकि सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख व 2 लाख बाउंड्री वॉल के लिए मिलना थे समय पर राशि नही मिलने से सामग्री के दामों में वृद्धि हो जाती है जिससे फिर वह उक्त राशि में बन पाना कहां तक संभव है। ग्राम पंचायत असलाना में सामुदायिक भवन की पहली किस्त मिली उसके बाद शासन द्वारा राशि नही दी गई जिससे दीवार अकेली बनकर वर्षों से अधूरी पड़ी। हर निर्माण कार्य की राशि अगर समय से दी जाए तो काम भी समय पर हो और निर्माण एजेंसी को परेशानी भी नही होगी।

## रामस्वरूप शर्मा का निधन



**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** ग्राम किन्द्रहों निवासी उमाशंकर शर्मा के पिता पं.रामस्वरूप शर्मा जी का 76 वर्ष की आयु में बीमारी के चलते निधन हो गया है अंतिम यात्रा में ग्राम व पथरिया सहित आसपास ग्रामों के सभी वर्गो के लोग उपस्थित हुए और दिवंगत आत्मा की शांति हेतु व शोकाकुल परिवार को इस गहन दुःख सहन करने ईश्वर से प्रार्थना की गई।

# कृष्ण रुक्मिणी विवाह जीवात्मा का परमात्मा से मिलन है: पं. पांडे



**दमोह देशबन्धु।** ग्राम पटना खुर्द में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छटवें दिवस में कथावाचक पंडित रमेश पांडे शास्त्री महाराज ने रुक्मिणी कृष्ण के विवाह की कथा सुनाते हुये कहा कि कृष्ण रुक्मिणी का विवाह जीवात्मा का परमात्मा से मिलन की कथा है भगवान श्रीकृष्ण का विवाह रुक्मिणी से हुआ था लेकिन इसके लिए श्रीकृष्ण को बड़ा युद्ध करना पड़ा था रुक्मिणी के पिता और भाई की करीबी जरासंध, कंस और शिशुपाल से थी. ये सभी भगवान श्रीकृष्ण से शत्रुता रखते थे. श्रीकृष्ण से रुक्मिणी के विवाह में यही सबसे बड़ी बाधा थी. रुक्मिणी पहले ही श्रीकृष्ण को अपना पति मान चुकी थीं रुक्मिणी राजा भीष्मक की पुत्री थीं. जो विदर्भ के राजा थे. रुक्मिणी देखने में बहुत सुंदर थीं लेकिन इसके साथ ही साथ वे बहुत बुद्धिमान भी थीं. उनका व्यवहार बहुत ही सौम्य था और उनके हृदय में करुणा थी.श्रीकृष्ण से बहुत प्रभावित थीं रुक्मिणी बचपन से ही भगवान श्रीकृष्ण से प्रभावित थीं. आरंभ से ही वे उनकी वीरता और बुद्धिमता की कहानियां सुनती आ रही थीं. रुक्मिणी जब विवाह योग्य हुईं तो उनके पिता ने उनके सामने कई रिश्ते रखे लेकिन उन्हें कोई भी पसंद नहीं आया. इस पर उनके पिता को चिंता हुई. एक दिन पिता ने शिशुपाल से रुक्मणी का विवाह तय कर दिया, लेकिन रुक्मिणी को ये रिश्ता पसंद नहीं था. एक दिन रुक्मिणी ने दुखी होकर भगवान श्रीकृष्ण को एक पत्र लिखाभगवान को जैसे ही रुक्मिणी का पत्र मिला वे समझ गए कि रुक्मिणी कोई बड़े संकट में है. भगवान श्रीकृष्ण भी रुक्मिणी को जानते थे क्योंकि उन्होंने भी रुक्मिणी की कई किस्से सुन रखे थे. वह साक्षात महालक्ष्मी थी रुक्मिणी के विवाह की तैयारियां जोरों पर थी. मंडप सज चुका था. शिशुपाल बारात लेकर आ चुका था. लेकिन जैसे ही शिशुपाल बारात के साथ द्वार के पास पहुंचा उससे पहले ही श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी का हरण कर वहां से निकल आए. रुक्मिणी के हरण की खबर जैसे ही भाई शिशुपाल को हुई सभी क्रोध में आ गए और सभी अपनी अपनी सेना लेकर श्रीकृष्ण के पीछे हो लिए. भयंकर युद्ध में श्रीकृष्ण की विजय हुई। श्रीकृष्ण को रोकने के लिए भयंकर युद्ध हुआ. श्रीकृष्ण ने शत्रुओं को पराजित कर दिया और भगवान श्रीकृष्ण रुक्मिणी को लेकर द्वारिका आ गए. जहां भव्य तरीके से दोनों का विवाह सानन्द सम्पन्न हुआ। कथा श्रोता समस्त कार्तिक महिला मंण्डल पटना खुर्द और बड़ी संख्या में ग्राम वासियों ने आनंद, धर्मलाभ लिया।

# पिच्छिका संयम का उपकरण है: आर्यिका



**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** पिच्छिका के बिना निर्वाण की प्राप्ति नहीं, इसकी शरण के बिना मुक्ति नहीं मिलने वाली, महापुरुषों के संयम का यह उपकरण अहिंसा सम्यक दर्शन, ज्ञान, चारित्र का प्रतीक है यह जैन साधुओं का चिन्ह है यह उपकरण बहुत मौलिक है इसमें पांच गुण होते हैं यह मृदु कोमल आदि को ग्रहण नहीं करती। यह उद्बोधन आचार्य श्री विद्यासागर हथकरधा भवन में पिच्छिका परिवर्तन समारोह को संबोधित करते हुए आर्यिका श्री विमलमति माताजी ने अभिव्यक्त किए।

इसके पूर्व कार्यक्रम के आरंभ में मंगलाचरण के बाद विशिष्ट अतिथियों के द्वारा बड़े बाबा व छोटे बाबा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया आर्यिकाश्री विमलमति पिच्छिका परिवर्तन समारोह में कहा कि मोर जिस प्रकार साल भर में अपने पंख छोड़ देता है। अपरिग्रह का संदेश देता है इसी प्रकार आप सभी जीवों में भी धर्म मे संयम में लगे रहे। आर्यिकाश्री विमलमति माताजी ने कहा कि जिसके जीवन में गुरु नहीं उसका जीवन शुरू नहीं होता। बिना ज्ञान पुरुषार्थ साधना के मोक्ष की प्राप्ति नहीं की जा सकती है। आर्यिकाश्री संसघ को नवीन पिचिछका देने वालों में श्राविका आश्रम बंडा,नरेश जैन बांसा वाले, महेंद्र प्रवीण कुमार,किरन, डाली दीदी, अशोक फट्टा, प्रवीण फट्टा, प्रतिभा स्थली की बहिने, राकेश,समता,ममता जैन साईकल, सीमा, सतीश मेडिकल ,श्रीमहावीर महिला मंडल आदिनाथ महिला मंडल, शांतिनाथ, शीतलनाथ, सेमरा वाला, सभी मंदिरों का महिला मंडल को सौभाग्य प्राप्त किया। आर्यिकाश्री की पुरानी पिचिछका प्राप्त करने वालो में जयकुमार मोहनी जैन मुम्बई, मनोज जैन सांसावाले, जवाहरलाल जैन,महेश प्रीति जैन बांसावाले, इंदा जैन, सुनील जैन बर्तन, निर्मल जैन तेजगढ़ बाले,रतन दवगर पथरिया ने प्राप्त की। पिच्छिका की भव्य शोभायात्रा श्री महावीर जिनालय से निकाली गई। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुये आचार्यश्री विद्यासागर हथकरघा प्रांगण में पहुंची, जिसमें विवेक जैन बांसा युवा जाग्रति सेवा संघ के म्यूजिकल ग्रुप की स्वर लहरियों के साथ युवा श्रद्धालुगण भक्तिभाव पूर्वक नृत्य करते हुए चल रहे थे। आयोजन में नगर के सभी महिला मंडल महेंद्र जैन संयम जैन, मनोज जैन ब्रह्मचारिणी बहिनें पिच्छिका लेकर चल रही थी। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंगलाचरण भोपाल से आये अतिथियों द्वारा किया गया। आचार्य विद्यासागर संस्कार पाठशाला के नौनिहालों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके लोगों का मन मोह लिया। इसके बाद आर्यिका ससंघ का पिच्छिका परिवर्तन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन अंकित भैया द्वारा किया गया। कार्यक्रम शीतकालीन वाचना के लिए आर्यिकाश्री अनुरोध राहुल चौधरी, पवन सिंघई, आनंद जैन,आदि लोगों द्वारा किया गया। श्री फल भेंट करने वालो मे संतोष सिंघई, नवीन जैन पूर्व कमेटी कुंडलपुर,जमना जैन, आर्यिकाश्री के ग्रहस्त अवस्था के परिवार के लोग द्वारा किया गया।

# डॉ. गौर द्वारा किये गए पुनीत कार्यों और उनके विचारों को अमल में लायें : कुलपति



**सागर, देशबन्धु।** गौर उत्सव के तहत सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के उदघाटन के अवसर पर कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता, कलेक्टर दीपक आर्य, समन्वयक प्रो. पीके कठल, प्रभारी कुलसचिव डॉ. एसपी उपाध्याय, बीटीआईआरटी कॉलेज के प्राचार्य एवं महाविद्यालय प्रतिनिधि डॉ. राजू टंडन, सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रबंधक उपस्थित थे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. गौर की प्रेरणा से यह विश्वविद्यालय आगे बढ़ रहा है। सम्बद्ध महाविद्यालय विवि की एक इकाई की ही तरह हैं। महाविद्यालयों द्वारा संयुक्त रूप सुन्दर एवं भव्य रूप से किया गया यह आयोजन डॉ. गौर के प्रति सच्ची भावना का प्रतीक है। हम उनके जन्मदिन पर संकल्प लें कि डॉ. गौर द्वारा किये गए पुनीत कार्यों और उनके विचारों को संजोकर रखें और उनके बताये गये मार्ग पर चलें। कलेक्टर दीपक आर्य ने कहा कि डॉ. गौर ने इस विश्वविद्यालय को स्थापित किया था। उनके द्वारा सृजित ज्ञान का यह अभिनव केंद्र है। समूचा बुंदेलखंड उनका सदैव ऋणी रहेगा। हम उनके पद चिन्हों और आदर्शों पर चलकर अपने जीवन और समाज को और बेहतर बनाएं। उनके प्रति सदैव कृतज्ञ रहते हुए हम समाज में बेहतरी का कार्य करें। इस अवसर पर गौर उत्सव के तहत आयोजित हुए क्रिकेट मैच के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किये गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशुतोष ने किया।

## शास्त्रीय गायन, नृत्य एवं देशभक्ति गीतों ने बांधा समां

गौर उत्सव के तहत सम्बद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने स्वर्ण जयन्ती सभागार में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बाबू लाल ताराबाई इस्टीटयूट ऑफ एक्सीलेंस के विद्यार्थियों ने गणेश वंदना, एकल नृत्य सत्यम् शिवम् सुन्दरम् नौरता ग्रुप मंडल, कालवेलिया, सेमी क्लासिकल डांस, एकल नृत्य नगाड़े संग ढोल बाज, एकल गायन आरम्भ है प्रचन्ड की प्रस्तुति दी। सुंदरलाल श्रीवास्तव महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने एकल डांस ऐसा देश है मेरा, ग्रुप डांस बोल चौधरी ग्रुप डांस, एकल नृत्य मंगल बेला की प्रस्तुति दी। टाइम्स कॉलेज दमोह के विद्यार्थियों ने महादृरास, थीम डांस, भरत नाट्यम की प्रस्तुति दी। पं. बृजकिशोर पटैरिया महाविद्यालय मालथौन के विद्यार्थियों ने नौरता नृत्य, घूमर नृत्य, एकल नृत्य की प्रस्तुति दी। ओमश्री महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने समूह गायन गौर अमृत वाणी से समा बांधा।

## नोबल कॉलेज में डॉ. हरीसिंह गौर जयंती का आयोजन



**मकरोनिया, देशबन्धु।** नोबल कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र-छात्रा इकाई के तत्वाधान में डॉ. हरीसिंह गौर जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा निबंध भाषण एवं चित्रकला के माध्यम से भाग लिया गया एवं उनके विचारो पर चलने के लिए प्रेरित किया। नोबल महाविद्यालय से मकरोनिया चौराहा, डॉ. हरीसिंह गौर की प्रतिमा तक छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाली गई एवं डॉ. गौर अमर रहे के नारे लगाए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलेश कुमार के द्वारा प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। समस्त स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं द्वारा डॉ. हरीसिंह गौर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में अमित कुमार घारू, राहुल चौरसिया, डॉ. मनीषा श्रीवास्तव, पुष्पा रजक, अपर्णा तिवारी, सपना राजपूत, रिचा दुबे, प्रिंसी पाठक आदि उपस्थित रहे।

**गौर जयंती विशेष**

## गौर बब्बा डॉ. हरीसिंह गौर बुंदेलखंड में अवतरित भगवान तुल्य हैं: दिवाकर सिंह राजपूत



**सागर, देशबन्धु।** बुंदेलखंड समूचे भारत में ऐसी जगह है जहां भगवान ने अनेक क्रीड़ाये की हैं, राजा महाराजाओं ने इतिहास रचे हैं, स्वतंत्रता सेनानियों ने गाथायें गढ़ी हैं और गौर बब्बा जैसे महापुरुषों ने जन्म लिया है। गौर बब्बा हम सब के लिए भगवान समान हैं जिन्होंने विश्वविद्यालय की स्थापना करके भविष्य निर्माण की राह प्रशस्त की है।

### गौर बब्बा हमारे ब्रम्हांड के ब्रम्ह हैं

ब्रम्हाण्ड को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नवनिर्माण, पोषण और न्याय प्रिय अनुशासन की सख्त जरूरत होती है। डॉ. हरीसिंह गौर के व्यक्तित्व और कृतित्व में ये सभी गुण विद्यमान थे। उन्होंने ज्ञान, दान, निर्माण और स्वाभिमान से एक नये शैक्षिक ब्रम्हांड की रचना की। 18 जुलाई सन 1946 में विश्वविद्यालय की स्थापना करके ना केवल बुंदेलखंड को वरन संपूर्ण प्रदेश और देश को आत्मनिर्भरता की एक बड़ी आधार शिला सौगात के रूप में दी।

डॉ. हरीसिंह गौर की दूरदर्शिता और देशभक्ति अतुलनीय है। भारत की आत्मनिर्भरता के बारे में उन्होंने आजादी के पहले से ही ठोस कदम उठाए। अपने ही देश में स्टाम्प पेपर मुद्रण की बात शुरुआत इसका एक बड़ा उदाहरण है। समगतिशील सामाजिक विकास के लिये उन्होंने अनेक कार्य एक साथ शुरू किए जैसे बालिकाओं की विवाह की उम्र में संशोधन, महिलाओं को वकालत के व्यवसाय में स्थान, सुप्रीम कोर्ट की आधारशिला, उच्च शिक्षा के लिए विश्वविद्यालय की स्थापना, संविधान निर्माण में योगदान, विधि पर लेखन और सामाजिक समरसता के संदेश। डॉ. हरीसिंह गौर ने दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति, नागपुर विश्वविद्यालय के कुलपति और सागर विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति के रूप शैक्षिक जगत को एक नयी दिशा और रचनात्मक गति दी। एक भारत श्रेष्ठ भारत के लिए देश की एकता और अखंडता को आधार बनाया। दानवीर कर्ण कहें या महर्षि दधीचि, अपने जीवन की सारी कमाई दान करके विश्वविद्यालय की स्थापना की। सरस्वती पुत्र के रूप में ज्ञान विज्ञान के अनेक आयाम स्थापित किए। साहित्य, संस्कृति, विधि के अनेक ग्रंथों की रचना, श्रेष्ठ नागरिको के लिए व्यक्तित्वों को गढ़ना यह सब एक नए ब्रम्हांड की रचना नहीं तो और क्या है! सच में डॉ. गौर ने ब्रम्हा की तरह सागर विश्वविद्यालय को सृजन किया, लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिशा देकर विष्णु की तरह पोषण की राह दिखाई, अन्याय के प्रति लड़कर न्याय और स्वाभिमान के लिए सशक्त होने का आधार देकर शिव की तरह संरक्षण का पाठ पढ़ाया। आज के वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दौर में डॉक्टर गौर की सीख और भी समीचीन हो जाती है, जिसमें उन्होंने सिखाया कि स्थानीय संसाधनों के बेहतर प्रबंधन से वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आसानी से जीत हासिल की जा सकती है। डॉ. गौर को हम व्यक्ति नहीं व्यक्तित्व के रूप में देखते हैं जिन्होंने अपने कृतित्व से व्यक्तित्वों को गढ़ा है। सागर से जीवन की शुरुआत करके सात समुंदर पार अपनी प्रतिभा का परचम फहराने वाले शिक्षा ऋषि डॉ. गौर के जन्म जयंती समारोह के अवसर पर हम सब उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें, उनका अनुसरण करें और उनके सपनों के आत्मनिर्भर भारत को एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाने की दिशा में सदैव समर्पित रहें, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सागर रत्न डॉ. गौर को भारत रत्न डॉ. गौर के रूप में स्थान मिले यही कामना है।

## इंजीनियर कॉलेज में स्ट्रांग रूम के बाहर कांग्रेस प्रत्याशियों ने किया रात्रि जागरण



**सागर, देशबन्धु।** ज्यो-ज्यो गणना की तारीख पास आ रही कांग्रेस जनो ने इंजीनियर कालेज में अपनी व्यवस्था को चौक चौबंद और मजबूत करती जा रही है। शुक्रवार-शनिवार की रात में नरयावली से कांग्रेस प्रत्याशी सुरेन्द्र चौधरी एवं सागर से कांग्रेस की प्रत्याशी के पति सुनील जैन एवं अशोकनगर नगर जिले के प्रभारी सुरेंद्र सुहाने को रात में जानकारी मिली की, पीछे के हिस्से के गेट खुले है। तत्काल सभी एकत्रित होकर इंजीनियर कालेज पहुंचकर स्थान का निरीक्षण किया एवं प्रशासनिक अधिकारी से बात कर इस स्थान को तत्काल बंद करने की शिकायत की यह घटनाक्रम रात्रि 12 बजे का है देखते ही देखते कांग्रेस नेताओ जमावड़ा एकत्रित हो गया शिकायत के बाद सारे कांग्रेस जन एकत्रित होकर पूरी रात इंजीनियर कालेज की चौकीदारी की 12 बजे से सुबह 5 बजे तक निरन्तर घूम-घूम कर स्टाग रूम की सुरक्षा की संभागीय प्रवक्ता अभिषेक गौर ने बताया कि अब निरन्तर कांग्रेस के लोग चौबीस घंटे ईव्हीएम का पहरा देगे। इस दौरान विजय साहू, राजा सेन, शुभम चौधरी, रंजीत रठौर, मोनू जैन, नीरज चौरसिया सहित सैकड़ो के तादत में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।


## निर्वाचित प्रतिनिधि नहीं बन सकेंगे अभ्यर्थियों के मतगणना एजेंट

**सागर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग ने किसी भी निर्वाचन में केन्द्र व राज्य सरकार के मंत्रियों और सांसदों, विधानसभा एवं विधान परिषदों के सदस्यों तथा राज्य की सुरक्षा कवर प्राप्त किसी अन्य व्यक्ति को चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के मतगणना अभिकर्ता बनाने पर रोक लगाई है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ रहने वाले सुरक्षा कर्मियों को मतगणना केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा सकती और न ही उनकी सुरक्षा को उनके सुरक्षा कर्मियों की अनुपस्थिति में खतरे में डाला जा सकता है। आयोग के मुताबिक सुरक्षा कवर वाले किसी व्यक्ति को मतगणना अभिकर्ता बनने के लिए सुरक्षा कवर वापस करने की अनुमति भी नहीं दी जा सकती है।

## व्यक्तियों का जीवन सफल तो हो सकते हैं, लेकिन गौर साहब ने अपना जीवन सार्थक किया है : शर्मा



**सागर, देशबन्धु।** शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में डॉ. हरिसिंह गौर की जयंती के उपलक्ष्य में व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सीईओ पीसी शर्मा तथा मुख्य वक्ता डॉ. आशीष द्विवेदी डायरेक्टर इंकमीडिया थे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. मधु स्थापक ने स्वागत भाषण में डॉ. हरिसिंह गौर के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। मुख्यवक्ता डॉ. आशीष द्विवेदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब व्यक्ति के जीवन में रिक्तता आती है तब वे अवसाद में चले जाते हैं लेकिन गौर साहब से अवसाद में जाने के स्थान पर शिक्षा के विकल्प को चुना। वे शिक्षा के प्रति बहुत अनुरागी थे। कुछ नया जानने को लेकर वे जीवनभर जिज्ञासु रहें तथा सीखने की ललक ने उन्हें जीवन भर विद्यार्थी बनाये रखा। स्पिरिट ऑफ बुद्धिज्म ग्रंथ ने उन्हें द्वितीय बुद्धा की उपाधि दी। उजाड़ से जो गुलजार कर दें वह डॉ. हरिसिंह गौर थे। श्री शर्मा ने कहा कि दृष्टि बदलने से सृष्टि बदलती है, सामने बैंठे हुए प्रत्येक विद्यार्थियों में मुझे गौर साहब दिखाई देते है। व्यक्तियों का जीवन सफल तो हो सकते हैं लेकिन गौर साहब ने अपना जीवन सार्थक किया है क्योंकि उन्होंने परमार्थ का जीवन जिया है। डॉ. सरोज गुप्ता ने गौर साहब पर कविता पाठ किया। कार्यक्रम का समन्वय एवं संचालन कर रहें डॉ. अमर कुमार जैन ने कहा कि संघर्षो ने गौर साहब के जीवन को तपा कर कुंदन बना दिया था। व्यक्ति स्वार्थ में पड़कर केवल कुछ समय के लिए नाम कमाता है लेकिन गौर साहब ने परमार्थ में पड़कर मानव से महामानव तक की अजर अमर यात्रा की है जो आज भी अनवरत जारी है। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. इमराना सिद्दीकी ने आभार के पूर्व संविधान दिवस की प्रस्तावना को पढ़कर विद्यार्थियों से उसका अनुसरण कराया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।




# बाल रंग समारोह में 5 विधाओ में संभाग स्तर पर पं. रविशंकर शुक्ल विद्यालय ने प्रथम स्थान पाया



**सागर, देशबन्धु।** ईएफए पं. रविशंकर शुक्ल शास. क. उ. मा. विद्यालय सागर की छात्राओं ने शास. उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की योजना के अंतृगर्त बालरंग समारोह वर्ष 2023 में विद्यालयीन छात्र-छात्राओं में निहित सृजनात्मकता को नये आयाम उपलब्ध कराते हुए विद्याथिर्यों के भीतर छिपी प्रतिभा को विकसित किये जाने के दृष्टिकोण से संभाग स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें पांच विधाओ में विद्यालय की 13 छात्राओं ने भाग लिया। दिव्यांग छात्रा बबली काछी ने एकल अभिनय विधा में झांसी रानी का अभिनय कर सभी का मन मोह लिया एवं एकल नृत्य विधा में दिव्यांग छात्रा पूनम यादव ने अपनी प्रस्तुति दी एवं प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवांवित किया। सामूहिक गीत प्रतियोगिता में सेजल प्रजापति, भूमिका सेन, लक्ष्मी सेन, रूचि अहिरवार, रिषिका कोरी, श्रद्धा राज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। साहित्य क्षेत्र में वाद-विवाद प्रतियोगिता में रूकमणी और साक्षी यादव ने निबंध प्रतियोगिता में सृष्टि दांगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आगामी 21 दिसम्बर को राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में विद्यालय की ये छात्रा सागर संभाग का प्रतिनिधित्वय करेंगी। विद्यालय की बालरंग कार्यक्रम प्रभारी रिंकी राठौर सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. शुभा मिश्रा एवं दीप्ति द्विवेदी, जयंत विश्वकर्मा, रामगोपाल ठाकुर के मार्गदर्शन में छात्राओं ने अपने प्रदर्शन से विद्यालय को गौरवान्वित किया। छात्राओं के प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये विद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेन्द्र प्रताप तिवारी जो सदैव सृजनात्मक के पक्षधर रहे है ने बालरंग समारोह की संपूर्ण टीम को उनक इस सफलता के लिए बधाई दी।






**सागर, देशबन्धु।** गौर यूथ फोरम के पदाधिकारियों ने सिविल लाइन्स चौराहे पर गौर जयंती की पूर्व संध्या पर 154 मोमबती जलाकर उन्हे याद किया।


## विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी ने सड़क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



**सागर, देशबन्धु।** विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी शैलेंद्र कुमार जैन ने लगभग 2.5 करोड़ रूपए की लागत से बन रही धर्म श्री चौराहे से बायपास होते हुए धर्मपुरा तक की सीसी सड़क का निरीक्षण किया इस अवसर पर उनके साथ भाजपा जिला महामंत्री श्याम तिवारी भी उपस्थित थे, उन्होंने धर्मश्री चौराहे से बायपास जाने के मार्ग को जोड़ने के लिए किए जा रहे खुदाई कार्य के लिए ठेकेदार को मजदूरों से मैनुअल खुदाई कराने के निर्देश दिए ताकि वहां पर सड़क के नीचे से निकले पानी के पाइप एवं वायर लाइन का नुकसान न हो। उन्होंने कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए।

### डॉ. हरिसिंह गौर जयंती पर कलेक्टर ने जिलेवासियों को दी बधाई


**सागर, देशबन्धु।** महान दानवीर, शिक्षाविद, कानून विद डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के संस्थापक डॉ. सर हरिसिंह गौर की 154 वीं जन्म जयंती पर कलेक्टर दीपक आर्य ने समस्त जिलेवासियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य कि हम सभी सागर के निवासी हैं। सर डॉ. हरिसिंह गौर दानवीर थे, क्योंकि उन्होंने अपनी सारी पूंजी से शिक्षा का मंदिर विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित किया और फिर उसको शासन के हाथों में सौंपा। आज इस विश्वविद्यालय से सागर सहित संपूर्ण देश के छात्र-छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर लाभ ले रहे हैं।











स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।